CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत


दैनिक प्रातः संस्करण
"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2021-23

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. सिद्धार्थ बेनर्जी
(एमएस जर्नल सर्जरी लेप्रोस्कोपी विशेषज्ञ)
* बावासीर *बवासीर का हर्निया एवं खतना *स्तन में गठान एवं कैंसर
* पथरी (किडनी स्टोन) * प्रोस्टेट
* पेट एवं पेशाब की बिमारियों से संबंधित सभी इलाज
पता-बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 9301033013




वर्ष- 41 | अंक - 161 | राजनांदगांव, रविवार 30 अप्रैल 2023 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# पीएम मोदी बोले - थकी-हारी कांग्रेस नहीं, भाजपा को चुनेगी जनता, बेंगलुरु में रोड शो में शामिल हुए मोदी

बेंगलूरू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के हुमुनाबाद, बेलगावी और विजयपुरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। बेलगावी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, ÷यहां विकसित भारत के लिए विकसित कर्नाटक का मंत्र गूंज रहा है। कुछ महीने पहले मुझे यहां आने का अवसर मिला था। तब पूरे रास्ते माताओं और बहनों ने मुझपर जिस तरीके से अपना आशीर्वाद बरसाया मैं उसे कभी भूल नहीं सकता।÷ बेलगावी में सभा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में रोड शो के दौरान प्रशंसकों का अभिवादन किया। इस दौरान लोगों ने फूल बरसाकर पीएम का स्वागत किया।



### यहां परंपरा भी है और तकनीक भी

पीएम ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा आपका इतनी बड़ी संख्या में यहां आना... आपका यह अपार स्नेह...आपका यह अपनापन मुझे कर्नाटक के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। आज मैं आपके बीच बीजेपी के एक समर्पित कार्यकर्ता...आपके एक साथी के रूप में आया हूं। पीएम ने कहा, आप कार्यकर्ताओं ने बीजेपी को अपने परिश्रम से सींचा है। आपने एक छोटे से पौधे को वटवृक्ष बनाने में बहुत बड़ा सहयोग दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में परंपरा भी है और तकनीक भी। यहां स्टार्टअप्स और संस्कृति को एक साथ मजबूत करने की जरूरत है। कर्नाटक वह अद्भुत भूमि है जहां भारत की प्राचीन और आधुनिक पहचान एक साथ मिलती है और समृद्ध होती है।

### पीएम बोले-अस्थिर सरकार के कारण कर्नाटक के युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए

पीएम ने कहा कि अस्थिर सरकारों के कालखंड से कर्नाटक का बहुत नुकसान हुआ है। कर्नाटक जैसे समृद्ध महान परंपरा वाले राज्य में अस्थिर सरकार के कारण यहां के युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए। कर्नाटक को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए भाजपा ही एक स्थिर और मजबूत सरकार दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमने हमेशा जन सेवा को राष्ट्र सेवा माना है। जनता को जनार्दन का रूप माना है। आज जब बेलगावी आया हूं तो आपके बीच इसी भाव के साथ आया हूं। 10 मई को आपको कर्नाटकाको देश का नंबर 1 राज्य बनाने के लिए वोट करना है। 10 मई को आपको कर्नाटका में डबल इंजन सरकार की वापसी के लिए वोट करना है। वहीं कर्नाटक के विजयपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस कांग्रेस ने भगवान बसवन्ना के शिक्षा को कुछ नहीं समझा, जिसने बाबा साहेब अंबेडकर का हमेशा विरोध किया, वो कांग्रेस कभी भी दलितों, पिछड़ों का भला नहीं कर सकती।

### कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर योजनाएं शुरू कीं, पर लाभ बिचौलियों को मिला

पीएम ने कहा, कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर कई योजनाएं शुरू की मगर लाभ बिचौलियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गैंगस्टर केस में मुख्तार अंसारी को 10 साल की मिली सजा, भाई अफजाल भी दोषी करार



वाराणसी। मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर केस में गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है. कोर्ट ने उन्हें 10 साल की सजा सुनाई है. कोर्ट ने उन पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. वहीं मुख्तार के भाई और बसपा सांसद अफजाल अंसारी को भी दोषी करार दिया गया है. अफजाल को चार साल की सजा मिली है. गैंगस्टर के ये मामले करंडा थाना और मोहम्दाबाद थानों से बनाए गए आपराधिक मुकदमों से बनाए गए गैंगचार्ट पर आधारित है. मुख्तार अंसारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट की सुनवाई में जुड़ा जबकि अफजाल कोर्ट में पेश हुए. यूपी के बहुचर्चित कृष्णानंद राय हत्याकांड और व्यापारी नंदकिशोर रूंगटा अपहरण के बाद मुख्तार और अफजाल पर गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया था. इस मामले में 2007 में गैंगेस्टर एक्ट के तहत अफजाल अंसारी, उनके भाई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और बहनोई एजाजुल हक पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था. एजाजुल हक का देहांत हो चुका है. इस मामले में 1 अप्रैल को सुनवाई पूरी हो गई थी. पहले इस मामले में पहले 15 अप्रैल को फैसला आना था लेकिन बाद में तारीख को बढ़ाकर 29 अप्रैल कर दिया गया था. इस मामले में साल 2012 में गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रायल शुरू हुआ था.

### जिस शिखा को काटा गया, कोर्ट ने उसका मान बढ़ाया

कृष्णानंद राय के बेटे पियूष ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि हमारे पिता की 18 साल पहले हत्या हुई थी लेकिन मुख्तार के खिलाफ हमारा संघर्ष 28 सालों का है. उन्होंने कहा कि आज का फैसला मेरी मां के लिए बहुत बड़ा फैसला है. मेरी मां ने उनके खिलाफ लड़ाई लड़ते-लड़ते अपने जीवन के 30 साल गंवा दिए. उन्होंने कहा कि जब हमारे पिता की हत्या हुई तब उनकी शिखा भी काटी गई थी. वह एक समाज की शिखा काटी गई थी. आज उस शिखा का मान न्यायपालिका ने बढ़ाया है. उन्होंने सीएम योगी के लिए कहा कि उन्होंने ऐसे माफिया के खिलाफ जो इच्छाशक्ति दिखाई है, वह अगर पहले किसी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अपराधी बनकर नहीं दूंगा कुश्ती महासंघ से इस्तीफा : बृजभूषण



गोंडा। धरने पर बैठे पहलवानों के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कहा कि इस्तीफा देना उनके लिए कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, किंतु वह अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं देंगे। महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को 2 प्राथमिकी दर्ज कीं। विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में बृजभूषण ने कहा, मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा है। मैं हर तरह की जांच का सामना करने को तैयार हूं। उन्होंने कहा, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना मेरे लिए कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है, किंतु मैं अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं अपराधी नहीं हूं। इस्तीफा देने का मतलब है कि मैंने इनके आरोपों को स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे पहलवानों से शनिवार को मुलाकात कर उनके प्रति समर्थन जताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बाहुबली एवं माफिया के सामने नतमस्तक हो गई है। इस पर उन्होंने कहा, आज दिखाई पड़ गया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नवाचार के लिए सीएम भूपेश बघेल को डाक्टरेट की उपाधि, पेरिस की सोरबोन यूनिवर्सिटी ने दिया सम्मान

रायपुर। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की विशिष्ट पहल के लिए सोरबोन यूनिवर्सिटी आफ पेरिस ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। शनिवार को राजधानी के होटल सयाजी में आयोजित ग्लोबल अवार्ड-2023 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित उनकी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल एवं परिवार के अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिष्ठित सोरबोन यूनिर्विसिटी ने छत्तीसगढ़ शासन के विकास कार्यक्रमों को सराहा है और मुझे आज डाक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा है। इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। जब काम करना शुरू किया तो बस ये चाह थी कि अच्छा काम करते रहना है। काम करते गए और रास्ता निकलता गया।

सीएम बघेल ने कहा कि ये उपाधि जरूर मुझे मिली है, लेकिन इसके पीछे योगदान मेरे परिवार वालों का है। जनप्रतिनिधियों का है



अधिकारी-कर्मचारियों का है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के सभी मेहनतकश लोगों का सम्मान है, जिन्होंने अपने श्रम से छत्तीसगढ़ को खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मान के दौरान परिवार के लोग मेरे साथ हैं। आज मां होती तो बहुत खुश होती। इस सम्मान पर इसरो के पूर्व चेयरमेन सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को साइंटिफिक मुख्यमंत्री बताकर उनकी तारीफ की। समारोह के दौरान इसरो के पूर्व वैज्ञानिक सुरेश कुमार, सोरबोन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डा. विवेक,अरोबिंदो योग एवं नालेज फाउंडेशन के डायरेक्टर डा. समरेन्द्र घोष, डा. बी.के. स्थापक, डा. संदीप मारवाह, डा. विनय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### यह नवाचार हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा 13 हजार नाले हमने ट्रीटमेंट किए, लेकिन एक इंच जमीन नहीं डूबी। यह नवाचार है। एक-एक बूंद बचा भी ली और किसानों को कष्ट भी नहीं हुआ। जमीन की हमने डिटेल स्टडी की। भू-जल स्तर के लिए काम किया। सही जगह पर नरवा योजना लाने से लाभ यह हुआ कि सात सेमी से 70 सेमी तक जल स्तर बढ़ गया। गौठान के माध्यम से डेढ़ लाख हेक्टेयर जमीन हमने ग्रामीण विकास के लिए आरक्षित कर ली। पशुधन को गौठान से जोड़ा। वहां चारे की व्यवस्था की। कोरोना के दो साल कठिन रहे। फिर भी गौठान व्यवस्थित हो गए। गोधन न्याय योजना से सबसे ज्यादा उन लोगों को लाभ हुआ, जो गरीबी रेखा के नीचे थे। उनकी आय की निश्चित व्यवस्था हो गई।

# पांच महिला अधिकारी सेना की तोपखाना रेजिमेंट में तैनात



नयी दिल्ली। सेना में महिला अधिकारियों की जिम्मेदारी का दायरा निरंतर बढ़ाया जा रहा है और पहली बार पांच महिला अधिकारियों को सेना की तोपखाना रेजिमेंट में कमीशन दिया गया है। सेना की प्रशिक्षण अकादमी में गहन और कठोर प्रशिक्षण के बाद लेफ्टिनेंट महक सैनी को सर्विलांस एंड टारगेट एक्विजिशन रेजिमेंट, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे और लेफ्टिनेंट अदिति यादव को फील्ड रेजीमेंट , लेफ्टिनेंट पी मुदगिल को मीडियम रेजिमेंट और लेफ्टिनेंट आकांक्षा को रॉकेट रेजीमेंट में तैनात किया गया है। सेना के सूत्रों के अनुसार इन पांचों महिला अधिकारियों को अपने समकक्ष पुरुष अधिकारियों की तरह समान अवसर मिलेंगे तथा इन्हें समान चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा। इन महिला अधिकारियों को तोपखाना रेजिमेंट की सभी इकाइयों में तैनात किया जाएगा जहां इन्हें रॉकेट, मीडियम , फील्ड और सर्विलांस एंड टारगेट एक्विजिशन तथा उपकरण इकाइयों में पर्याप्त प्रशिक्षण और मौका दिया जाएगा। इन पांचों महिला अधिकारियों में से तीन को उत्तरी सीमा पर स्थित इकाइयों और दो को पश्चिमी थिएटर में चुनौतीपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है। महिला अधिकारियों को सेना की तोपखाना रेजिमेंट में कमीशन दिया जाना इस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एटीआर में छोड़ी गई आदमखोर बाघिन : 2 युवकों को बनाया था शिकार, रेडियो कॉलर से रखी जाएगी नजर



मुंगेली। सूरजपुर जिले में 2 युवकों और मवेशियों को अपना शिकार बनाने वाली बाघिन को मुंगेली के अचानकमार टाइगर रिजर्व (एटीआर) में छोड़ दिया गया है। शनिवार तड़के 4 बजे अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में रेडियो कॉलर लगाकर बाघिन को छोड़ा गया। रेडियो कॉलर लगे होने से इसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। इस दौरान वाइल्ड लाइफ और एटीआर प्रबंधन के आला अफसर मौजूद रहे। अचानकमार टाइगर रिजर्व में आदमखोर बाघिन को जंगल के अंदर छोड़ा गया है। इसे बीते 28 मार्च को सूरजपुर के ओड़गी इलाके के जंगल से रेस्क्यू किया गया था। इस आदमखोर बाघिन ने इसी साल 27 मार्च को सूरजपुर के कालामांजन इलाके में 3 युवकों पर हमला कर दिया था। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई थी, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। युवकों पर इस बाघिन ने जब हमला किया, उसी दौरान युवकों ने भी बाघिन के सिर के हिस्से पर कुल्हाड़ी से वार किया था। जिससे बाघिन भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इसके बाद कुमकी हाथी, डॉक्टरों और एक्सपर्ट की टीम की मदद से बाघ को ट्रैंकुलाइज किया गया था। उसे प्राथमिक चिकित्सा दी गई और बेहतर इलाज के लिए रायपुर के जंगल सफारी भेजा गया था। जब वो स्वस्थ हो गई, तो शनिवार 29 अप्रैल को उसे ्रञ्कके कोर एरिया में छोड़ दिया गया। जिस वक्त बाघिन को केज से बाहर निकाला गया, उस वक्त का एक्सक्लूसिव वीडियो दैनिक भास्कर डिजिटल अपने दर्शकों को दिखा रहा है। किस तरह आदमखोर बाघिन बारिश के बीच अपने केज से बाहर निकलकर जंगल की ओर आगे बढ़ रही है।

### आला अधिकारी रहे मौजूद

जिस वक्त अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में बाघिन को छोड़ा गया, उस वक्त एपीसीसीएफ, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने जताई उम्मीद, भारत बनेगा दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



नई दिल्ली। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने उम्मीद जताते हुए कहा कि 2024 तक जर्मनी को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। वे भारतीय सशस्त्र सेनाओं के वर्तमान रक्षा प्रमुख अनिल चौहान आज शनिवार को नई दिल्ली में चाणक्य डायलॉग नाम से आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप्स के लिए तीसरे सबसे बड़े पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में उभर रहा है और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त देश में 84,000 से अधिक स्टार्टअप आज मौजूद हैं। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि 2024 तक जर्मनी को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत सरकार की नीतियों के संबंध में चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने पूरे देश का दृष्टिकोण अपनाया है और इंजीनियरों के डिजाइन, विकास और रक्षा उपकरणों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधारों में खरीदे गए कई नीतिगत पहल की है। इनमें से कुछ हैं- इंडस्ट्रिलिस्ट लाइसेंसिंग सिस्टम और एक सकारात्मक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जम्मू कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा, पाकिस्तान ने हाईब्रिड आतंकियों को ट्रांसफर कर बनाई दहशत फैलाने की रणनीति



जम्मू। कश्मीर में दम तोड़ रहे पाक परस्त आतंकवाद पर खुशी मनाने वाले सुरक्षाबलों के लिए नई परेशानी का सबब पाकिस्तान की वह रणनीति बन गई है जिसके तहत वह कश्मीर से आतंकियों को प्रदेश के अन्य शांत पड़े जिलों की ओर कूच करने लिए बोल रहा है। अन्य जिलों की ओर मुढ़ने वाले इन आतंकियों को हथियारों व गोला बारूद की आपूर्ति ड्रोन के माध्यम से करने का वादा भी उसके द्वारा किया जा रहा है।

पाकिस्तान की इस नीति की पुष्टि वे सुरक्षाधिकारी कर रहे हैं जो पुंछ के भाटा धुलियां में हुए उस आतंकी हमले की जांच में जुटे हैं जिसमें भारतीय सेना के 5 जवान शहीद हो गए थे। इन अधिकारियों के बकौल, यह रणनीति चिंता का विषय है क्योंकि पाकिस्तान के इरादे बेहद खतरनाक हैं। इसकी पुष्टि पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह भी कर चुके हैं कि भाटा धुलियां के आतंकी हमले में शामिल आतंकियों को हथियार व गोला-बारूद वाया ड्रोन एलओसी के पार से पहुंचाए गए थे। हालांकि इस बात पर पुलिस और सेना अब आमने-सामने है जिसमें यह आरोप-प्रत्यारोप लगाया जा रहा है कि सेना ड्रोनों द्वारा एलओसी पार से आने वाले हथियारों व गोला-बारूद की सप्लाई को रोक पाने में नाकाम साबित हो रही है। एक अधिकारी के बकौल, कश्मीर में सुरक्षाबलों के दबाव के चलते आतंकी और हाइब्रिड आतंकी अब अन्य जिलों की ओर मुढ़ चुके हैं। पिछले साल जम्मू शहर व जम्मू जिले में दर्जनों आतंकी कमांडरों की गिरफ्तारियां इसका पुख्ता सबूत था कि आतंकियों को कश्मीर को छोड़ कर अन्य जिलों की ओर कूच करने की रणनीति पर अमल करने के लिए कहा गया था। आधिकारिक तौर पर इसे माना गया है कि 5 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाने की कवायद के बाद आतंकियों पर जो दबाव कश्मीर में बनाया गया था उसका परिणाम तो सामने (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# जेईई मेंस : 107 रैंक पाकर अखिलेश रायपुर में टॉपर, टाप 500 में 2 व टाप 1000 में 6 स्टूडेंट्स शामिल

रायपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शनिवार सुबह देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई (अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा) के परीक्षा परिणाम जारी किए। इसके साथ ही रायपुर के कबीर नगर निवासी अखिलेश अग्रवाल गणित में 100 पर्सेंटाइल के साथ आल इंडिया रैंक-107 पाकर रायपुर जिले के टापर बनें। इसके साथ ही विराज लिल्हारे ने भौतिकी और गणित में 100 पर्सेंटाइल के साथ आल इंडिया रैंक-204 हासिल किया। जबकि नमन शर्मा ने रसायन में 100 पर्सेंटाइल के साथ आल इंडिया 615 रैंक प्राप्त किया है। इसी तरह जसमीत सिंह चड्ढा ने आल इंडिया रैंक-702, चैतन्य धवन ने आल इंडिया रैंक 901 और नीलाक्ष मलिक ने आल इंडिया रैंक-962 हासिल किया। जेईई मेन के परीक्षा परिणाम सामने आने के बाद अच्छे अंक पाने वाले छात्र काफी खुश हैं। इसके साथ ही चार जून को होने वाले जेईई एडवांस की परीक्षा की तैयारियों में



जुट गए हैं। अच्छे अंक पाने वाले बच्चों ने नई दुनिया को अपने सफलता के मंत्र बताए हैं।

### क्या है जेईई की परीक्षा

राष्ट्रीय स्तर पर देश के बड़े और केंद्रीय इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (जेईई) की परीक्षा आयोजित की जाती है। इसके बाद एडवांस की परीक्षा होगी। परीक्षा होती है। अंक के आधार पर छात्रों को एनआइटी, आइआइआइटी, केंद्रीय इंजीनियरिंग संस्थान व आइआइटी के सीटों पर प्रवेश मिलता है।

### योग से मिली एकाग्रता, मिला मेहनत का फल : अखिलेश

अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि आइआइटी से इंजीनियरिंग करने का सपना लेकर 10वीं के बाद जेईई परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी। लक्ष्य बड़ा था, राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा बहुत है। इसलिए घंटों तैयारियां करते रहे। मन को एकाग्र करने के लिए योग को अपनाया। जिससे मन शांत रहता था और पढ़ाई अच्छी होती थी। कोचिंग में पढ़ाई के बाद घर जाकर दोबारा उसकी तैयारी में जुट जाता। दिन की शुरुआत के साथ ही मैं दिनभर पढ़ाई की लिस्ट बना लेता। 10 -12 घंटे की पढ़ाई में समय देता। विषयों के लिए समय तय कर अध्ययन करता। और लगातार रिविजन व गणित की प्रैक्टिस करते रहता। जिससे परीक्षा के दौरान मुझे तैयारी में आसानी हुई और अच्छे अंक आए। जेईई एडवांस की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सासाराम उपद्रव मामले में भाजपा के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद गिरफ्तार



डेहरी आन सोन। बिहार में सासाराम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को सासाराम में रामनवमी में हुए उपद्रव के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि सासाराम नगर थाना क्षेत्र के लश्करीगंज मुहल्ला स्थित आवास से आज सुबह पुलिस ने राम नवमी के अवसर पर सासाराम में हुए उपद्रव मामले में पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। इनके अलावा एक अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद पर सासाराम व्यवहार न्यायालय से गैर जमानतीय वारंट जारी हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। श्री कुमार ने बताया कि सासाराम दंगा मामले में अबतक 65 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 12 नामजद आरोपितों पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। 38 पर गैर जमानतीय वारंट जारी है, जिसके लिए छापेमारी अभियान चल रहा है।

CMYK

## पहला कॉलम...

### नक्सल हमले पर डॉ. रमन सिंह के बयान की कुलबीर ने की निंदा



राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने दंतेवाड़ा में हुए नक्सल हमले पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष के कार्यकाल में डॉ. रमन सिंह प्रदेश में नक्सल मामले पर कोई सफल नीति रणनीति नहीं ला सके। नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसने में रमन सरकार पूरी तरह असफल रही और अब भी वे अपनी नाकामयाबियों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि दंतेवाड़ा में जवानों की नक्सल हत्या कायराना करतूत है। हमारी संवेदनाएं शहीदों के परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दौर में सुरक्षाबलों को नक्सल क्षेत्र में कई चुनौतियां का सामना करना पड़ा।

### ऋषि शास्त्री अपने वार्ड में ध्यान दे तो ज़्यादा बेहतर होगा - आशीष जैन



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल युवा मोर्चा के महामंत्री आशीष जैन ने ऋषि शास्त्री के बयान का पलटवार करते हुए कहा की ऋषि शास्त्री अपने वार्ड में ध्यान दे तो ज़्यादा बेहतर होगा। ऋषि शास्त्री अपने वार्ड की जनता का काल उटाए फिर भाजयूमो के कार्यकर्ताओं को अपनी राय दे। युवा कांग्रेस के लोग ठेकेदारी को छोड़ पहले जो युवा बिरोज़गारी का फ़ार्म भरे उन्हें बेरोज़गारी भत्ते दिलाए। बेरोज़गारों को बेरोज़गारी भत्ते के लिए भूपेश बघेल ने इतना नियम क़ानून बनाया है की युवा कांग्रेस के युवा भी फ़ार्म भरेंगे तो उनको भी बेरोगारी भत्ते लेने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ऋषि शास्त्री पहले युवा कांग्रेस के बेरोज़गारों को भत्ता दिलवाए फिर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं को भत्ते दिलाने की बात कहे।

### एक मई मजदूर दिवस को अवकाश घोषित करने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। मजदूरों से 14 घण्टे 16 घण्टे काम कराया जा रहा, उसका विरोध करने वाले मजदूर नेताओं को फांसी की सजा दी गई। उसका बड़े पैमाने पर विरोध करने के कारण 1 मई 1886 के रोज अमेरिका के शिकागो शहर में हजारो श्रमिकों को गोली का निशाना बनाकर नरसंहार किया गया। तब से 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में पूरी दुनिया में मनाते आ रहे है। भारत में 100वां मजदूर दिवस मना रहे हैं। उसी के परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व एक्टू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड भीमराव बागड़े के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र रसमड़ा जिला दुर्ग में 1 मई 2023 दिन सोमवार को कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कवर्धा जिले के अलावा अनेक जगहों से समर्थक व श्रमिकगण शामिल होंगे। इस अवसर पर रैली सभा व ज्ञापन का कार्यक्रम निर्धारित है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों ने जो अधिकार संघर्षो के बदौलत हासिल किये थे उक्त कानूनों को केन्द्र सरकार संशोधन के जरिये खत्म कर रही है उसका विरोध सभी स्थानीय तथा राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए मांग किये है कि 1 मई को मजदूर दिवस के लिए शासकीय अवकाश घोषित किया जाए। उक्त जानकारी मोर्चा के संगठन मंत्री तुलसी देवदास ने दी।

### सुबंधदास मानिकपुरी का निधन



बांधाबाजार (दावा)। ग्राम गुण्डरदेही निवासी सुबंधदास मानिकपुरी का कल 28 अप्रेल दिन शुक्रवार को निधन हो गया। जिसका तीजनहावन एवं चौका आरती का कार्यक्रम 30 अप्रेल रविवार को रखा गया है।

**NOTICE U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT.1932**

This is hereby notified that re-constitution of partnership firm **"DM Agro Industries", DMR Office, Bargha Chowk, G.E. Road, Gram Bargha, Rajnandgoan (C.G.) 491441** has undergone the following changes :-

**Smt. Jasvir Kaur, Smt. Sandeep Kaur and Smt. Harpreet Kaur** has admitted **(Joined)** the firm on 10.03.2023 and accordingly becomes the partner of the firm from 10.03.2023

**Shri Harmail Singh, Shri Rupinder Singh and Shri Mandeep Singh** has outgoing **(retired)** from the firm on 10.03.2023 and accordingly ceases to be the partner of the firm from 10.03.2023

**for, DM Agro Industries**
**(Kushbinder Singh)**
**Partner**


**place : Rajnandgaon**

**SILVER SCREEN Multiplex**
**28th April to 04th May 2023**



Ponniyin Selvan 2 Hindi (2d)-12:00pm,03:00pm,06:00 & 09:00pm
Bad Boy - Hindi (2d) - 3:15 pm & 9:15 pm
Kisi ka Bhai Kisi ki Jaan - 12:15pm, 03:30pm, 06:15pm & 09:30
Evil Dead Rise - English (2d) - 12:30pm and 06:30pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
शानदार दूसरा सप्ताह | रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एड्वांस बुकिंग प्रारंभ है।
सलमान खान फिल्म प्राडक्शन कृत
**किसी का भाई किसी की जान**
कलाकार : सलमान खान, पूजा हेगडे, व्यंकटेश, गणपति बाबू, जस्सी गिल, शाहनाज, सिद्धार्थ निगम (धुम फेम) आदि।



ता. 5 से ले सुरु होगे मया के कहानी
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए करें प्रोत्साहित : कलेक्टर



- अधिकारियों को फिल्ड में जाकर स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण करने के दिए निर्देश
- वन अधिकार पत्र तथा वन संसाधन अधिकार पत्र संबंधी सभी महत्वपूर्ण प्रकरण एवं दस्तावेज सुरक्षित रिकार्ड रूम में संधारित करने के दिए निर्देश
- 8 मई से जिले के सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में समर कैम्प का होगा आयोजन
- कलेक्टर ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा आदिवासी विकास विभाग द्वारा आश्रम -छात्रावासों में विशेष तौर पर ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। हर छात्रावास में एक अलग पहचान होनी चाहिए। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी बच्चों को प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते हुए गुणवत्तायुक्त पढ़ाई होना चाहिए। अधिकारियों को फिल्ड में जाकर स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 8 मई से जिले के सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जर्जर शालाओं की मरम्मत प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि वन अधिकार पत्र तथा वन संसाधन अधिकार पत्र संबंधी सभी महत्वपूर्ण प्रकरण एवं दस्तावेज सुरक्षित रिकार्ड रूम में संधारित करें। उन्होंने एफआरए अंतर्गत आदर्श ग्राम में विकास गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में माह के तीसरे शनिवार को हमर दफ्तर हमर घर अभियान के तहत शासकीय कार्यालयों की व्यापक साफ-सफाई की जाती है। आदिवासी विकास विभाग में भी अभियान चलाकर इसे क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि हमर परिवार हेलमेट परिवार लिंक से जुड़े तथा सभी को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि 6 मई को विशाल जनस्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आश्रम एवं छात्रावास में दिव्यांगजनों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सी-मार्ट से आश्रम एवं छात्रावास के लिए सामग्री क्रय करें। कलेक्टर ने एकलव्य विद्यालय संचालन, छात्रावास व आश्रम, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, राहत योजना, अंतरजातीय विवाह योजना, जवाहर उत्कर्ष योजना, निर्माण कार्य, देवगुड़ी, एससी प्राधिकरण कार्य, मध्य क्षेत्र प्राधिकरण कार्य, विभाग में स्वीकृत कार्यरत रिक्त पद, प्रवेश परीक्षा, के संबंध में समीक्षा की। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री श्रीकांत दुबे ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रयास, एकलव्य में रिक्त पदों के भर्ती की प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव व श्रीमती शिल्पा देवांगन, सहायक संचालक सुश्री दीक्षा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जन की बात छोड़ अमीरों से धन की और मन की बात की नौटंकी में मस्त है मोदी जी : कुसुम दुबे



**100 वें एपीसोड पर कटाक्ष**

राजनांदगांव (दावा)। छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता कुसुम दुबे ने प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 वें एपिसोड पर कटाक्ष करते हुए कही की जब से केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार काबिज हुई है, तब से केंद्र सरकार को जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है, वह अपने पूंजीपति मित्रों के धन को बढ़ाने के लिए धन की बात और जनता से मन की बात रूपी नौटंकी करते हैं।

श्रीमती दुबे ने बतायी कि आज जनता महंगाई, बेरोजगारी से पीड़ित है। गैस, पेट्रोल-डीजल के दाम सहित 900 जीवन रक्षक दवाइयों के दरों में बढ़ोत्तरी और तो और सड़कों में टोल के टैक्स की भी बढ़ोत्तरी कर महंगाई चरम सीमा पर पहुंचा दिए हैं, जिससे जीवन जीना दुश्कर हो गया है। वहीं अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए सार्वजनिक उपक्रमों रेल्वे, एयरपोर्ट को बेचकर एवं जनता की जमा एल आई सीए एस बी आई में पूंजी को उनकी कंपनियों में निवेश करा कर जनता को आर्थिक खतरे में डालने का काम किया है और लगातार जनता की मन की बात ना सुनकर अपने मन की बात को जनता पर थोपने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी मन की बात को जनता तो सुनती ही नहीं है। सिर्फ भाजपा के लोग अपनी राजनीति को बचाए रखने के लिए मन की बात सुनने के बजाय रेडियो के सामने फोटो खिंचवाने का ही कार्य करते हैं। देश के प्रधानमंत्री को इन सब से अलग जन की बात को ध्यान में रखकर नीति बनानी चाहिए। केंद्र सरकार असफल नीति के और लगातार ऋण लेने के कारण देश के प्रत्येक व्यक्ति के सर पर 1 लाख रु. से अधिक का कर्ज का बोझ हो गया है। देश में महंगाई के साथ-साथ अराजकता की स्थिति भी बनती नजर आ रही है, इसका एकमात्र कारण भाजपा की दूरदर्शी केंद्र सरकार है।

**जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहाएं**

**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

बी/121/2022-2023

एतद् द्वारा ग्राम एटीकसा प.ह.नं. 38 तहसील खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मीरा आ. बउला निवासी एटीकसा तहसील खैरागढ़ द्वारा ग्राम एटीकसा स्थित भूमि ख.नं. 243/1 रकबा 0.153 हे./एकड़ भूमि से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के फलस्वरूप डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका मिलने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि से संबंधित डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका बनाये जाने में जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 09/05/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 25/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 25/04/2023**
**सुनवाई दिनांक 09/05/2023**

**तहसीलदार, खैरागढ़ (छ.ग.)**

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा. मा. क्रं..... बी-121 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुसुईया देवी तिवारी जौ. कृष्णकांत तिवारी निवासी शहर/ग्राम रायपुर नाका राजनांदगांव प.ह.नं. तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने स्वयं अनुसुईया देवी तिवारी पति कृष्णकांत तिवारी जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 12/05/23 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 27/04/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनाँक 27/04/23**
**सुनवाई दिनाँक 12/05/23**

**कार्यपालिकदडाधिकारी राजनांदगांव छ.ग.**

**शुभांक**

अनुमानित

**बी. के.**

**280-0 127-0**

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में दो आरोपियों पर जुर्म दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र व डोंगरगढ़ में हुई चाइल्ड पार्नोग्राफी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर जुर्म दर्ज किया है।

बता दे कि भारत सरकार के सीसीपी डब्ल्यू योजनांतर्गत साइबर पोर्टल के माध्यम से महिला व बच्चों से संबंधित अपराधो के रोकथाम के लिए चाइल्ड पोर्नोग्राफी अपलोड करना अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस ने जिस व्यक्ति के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। उसके आईपी एड्रेस के आधार पर जांच के बाद वीडियो अपलोड करना पाया गया। जांच में दोषी पाए गये युवक के मोबाइल सेवा प्रदाता कम्पनी से मिले रिकार्ड के आधार पर कार्रवाई की गई। इसमें सोमनी पुलिस ने अंजोरा क्षेत्र के एक गांव के युवक को मोबाइल में चाइल्ड पोर्नोग्राफी का वीडियो अपलोड करने के जांच के बाद जुर्म दर्ज किया है। वही दूसरी ओर डोंगरगढ़ शहर के एक युवक को भी पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो अपलोड करने के तहत दोषी पाया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी को तलब नहीं किया है, लेकिन सोमनी और डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा जल्द ही इस मामले में दोषी पाए गये युवकों पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की बात सामने आ रही है।

### बीआईटी कालेज में 4 मई को मेगा प्लेसमेंट कैम्प

**5500 युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर**

दुर्ग (दावा)। जिले में संचालित रोजगार कार्यक्रम सृजन के तहत जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 4 मई को प्रातः 10 बजे बी.आई.टी. कॉलेज दुर्ग में किया जायेगा। मेगा प्लेसमेंट कैम्प में 10 नियोक्ताओं के माध्यम से लगभग 5500 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जायेगी। इस मेगा प्लेसमेंट कैम्प का लाभ युवा ले सकें इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले के युवाओं से अपील की है कि वो ज्यादा से ज्यादा अपनी उपस्थिति कैम्प स्थल पर दर्ज कराए।

## नेशनल लोक अदालत : चीफ जस्टिस ने अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया संबोधित



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा ने कहा कि सभी लोगों के संयुक्त प्रयासों से एक बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है। जिसका उदाहरण छत्तीसगढ़ में आयोजित लोक अदालतों के पूर्व के आंकड़ों का अवलोकन करने से प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश में लोक अदालतों के परिणाम की अपेक्षा छत्तीसगढ़ में लोक अदालतों का परिणाम ज्यादा अच्छा और सराहनीय रहा है। जिससे यह प्रतीत हुआ है कि लोक अदालत के आयोजन का उद्देश्य पूरा हुआ है। लोक अदालत की सफलता में सभी का सहयोग प्राप्त है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी का योगदान जरूरी भी है। जिससे अच्छे परिणाम आ सकें। उक्त बातें मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा ने विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा के लिए समस्त जिला न्यायाधीश, फैमिली कोर्ट जज, जिलों के न्यायिक अधिकारियों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, बैंक, बीमा के अधिकारियों, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, आयुक्त नगर पालिक निगम जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, ट्रैफिक चालान, कमर्शियल कोर्ट, चेक बाउंस, वैवाहिक विवाद के मामलों का लोक अदालतों में निराकरण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। छोटे-मोटे विवादों का लोक अदालतों के माध्यम से निराकरण हो जाने पर न्यायालय पर ऐसे छोटे मामलों का भार कम होता है और न्यायालय को संगीन मामलों के शीघ्र निराकरण पर विचार करने में सुगमता होती है। उन्होंने वर्चुअल बैठक में उपस्थित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रकरणों के निपटारे का प्रयास करें और इसके कार्यान्वयन में यदि कोई समस्या आती है, तो सालसा के सदस्य सचिव से सम्पर्क करें।

वर्चुअल मीटिंग को न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में छोटे-मोटे प्रकरण काफी संख्या में लंबित है और उनके पक्षकार परेशान होते रहते हैं। ट्रैफिक चालान, भूमि अधिग्रहण, विद्युत बिल, नगरपालिका के टैक्स, जल देयक, श्रम विवाद, भाड़ा नियंत्रण, राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकृत कर उनके पक्षकारों को राहत दिलायी जा सकती है। उन्होंने जिले के पुलिस अधीक्षकों से अपेक्षा की कि नेशनल लोक अदालत में चिन्हांकित किए जाने वाले प्रकरणों के पक्षकारों को उचित समय पर पूर्व नोटिस तामिल करायी जा सके। इसके संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराएं ताकि पक्षकार अपने मामलों के संबंध में न्यायालयों में उपस्थित रह सके। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से अपेक्षा करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन हाईब्रिड माध्यम से किया जा रहा है। इसलिए ऐसा कोई पक्षकार जो वर्चुअल माध्यम से मामले में उपस्थित होना चाहता है, तो उसकी उपस्थिति के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने लोगों को उनके घर तक न्याय की पहुंच उपलब्ध सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विगत नेशनल लोक अदालत में जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों के निराकरण के लिए आयोजित की गई। मोहल्ला लोक अदालत की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि आगामी नेशनल लोक अदालत में भी जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों के पक्षकारों को उनकी छोटी-मोटी जनोपयोगी समस्याओं से निजात दिलाने का प्रयास करें। उन्होनें कहा कि जिस गति से लोगों अदालतों के सफलता का प्रयास चल रहा है, वह धीमा नहीं होना चाहिए।

वर्चुअल बैठक में उपस्थित न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति बिलासपुर के न्यायमूर्ति श्री एसएस अग्रवाल ने कहा गया कि लोक अदालतों में अधिक से अधिक प्रकरण चिन्हांकित किया जाना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि यह प्रयास होना चाहिए कि चिन्हांकित किए गए प्रकरणों का अच्छी तरह अध्ययन किया जाए। ताकि पक्षकारों को प्रकरण के बारे में अच्छे से समझाया जा सके। उन्होंने व्यक्त किया कि मोटर दुर्घटना मुआवजा संबंधी मामलों में अब बीमा कंपनियों भी आगे आकर पीड़ित पक्ष से राजीनामा करने का प्रयास करती है। इसलिए इस दिशा में प्रयास आवश्यक है। यह खुशी कि बात है कि मुख्य न्यायाधिपति द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में लोक अदालतों के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण की सराहना की गई है। हमें आगे भी लोक अदालतों के आयोजन के उद्देश्यों को पूरा करने में ऐसे ही प्रयास करते रहने की आवश्यकता है। विडियो कान्फ्रेंसिंग में परिचर्चा के दौरान सालसा के सदस्य सचिव श्री आनंद प्रकाश वारियाल उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार पूरे देश में कलैण्डर वर्ष 2023 में दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन सभी स्तरों अर्थात तहसील न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय स्तर पर 13 मई 2023 को आयोजित किया जाएगा।

## भूमिहीन हितग्राहियों को एक मई को रायपुर ले जाएंगे कोटवार

**शासन का कोटवारों की मांग पर ध्यान नहीं... धरना-प्रदर्शन, आन्दोलन कर थक चुके कोटवार**

राजनांदगांव (दावा)। आवभाजित जिले के लगभग साढ़े बारह सौ कोटवार विगत साढ़े चार साल से अपने नियमितिकरण की बाट जोह रहे है। कलेक्टर दर पर वेतन की मांग कर रहे है लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। पिछले दिनों शहर के महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे कोटवारों ने अपने इन्ही मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया था।

राजधानी रायपुर में कोटवार संघ द्वारा धरना-प्रदर्शन आयोजित रही, लेकिन दुर्भाग्य कि इनकी मांगों की ओर शासन का जरा भी ध्यान नहीं जा रहा है। बीच-बाच में कभी-कभार इनकी कुछ राशि बढ़ाकर इन्हें चूप कर दिया जाता है लेकिन उनकी वाजिब मांगों को सन्दर्भ में शासन द्वारा चुप्पी साध ली जाती है। शनिवार को राजनांदगांव जिले के लगभग साढ़े छै सौ कोटवारों को तहसील कार्यालय में बुलाया गया था। कोटवार खुशी से उछल रहे थे कि उनकी नियमितिकरण व कलेक्टर दर पर की गई मांग पूरी हो गई है लेकिन उनकी सोच धरी की धरी रह गई। तहसीलदार श्री गुप्ता ने उन्हें एक मई मजदूर दिवस पर राजधानी रायपुर में आयोजित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यक्रम में भूमिहीन हितग्राहियों को लाने का जिम्मा सौंपा है। बेचारे कोटवार शासन का आदेश के पालन के लिए अपने अपने गांव से भूमिहीन हितग्राहियों को रायपुर ले जाएंगे। कोटवार संघ के लोम सिंग ने बताया कि रायपुर में एक मई मजदूर दिवस पर भूमिहीनों को भूमि देने का कार्यक्रम आयोजित है वही 3 मई को कोटवार, पटेल व होमगार्ड का आभार कार्यक्रम है। उन्होंने इस तरह के आभार कार्यक्रम को समझ से बाहर बताया जबकि छ.ग. की भूपेश बघेल सरकार ने चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र में शामिल कोटवारों को नियमितकरण करने के वादे को आज तक पूरा नहीं किया तब किस बात का आभार...?

### कलेक्टर दर में वेतन की मांग

बता दे कि अविभाजित राजनांदगांव जिले के 1240 कोटवार कई अर्से से अपने नियमितिकरण की मांग कर रहे है। उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देकर कलेक्टर दर पर वेतन दिए जाने की मांग की जा रही है लेकिन उन्हें कभी-कभार थोड़ी बहुत राशि की बढ़ोतरी कर लाली पाप थमा दिया जा रहा है। इससे असंतुष्ट कोटवार जन जब तब अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन आन्दोलन के लिए सड़क पर उतर आते है। इसके बाद भी इसकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता। जबकि विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने सत्ता में आने पर नियमितिकरण करने का वादा अपने जन सकल्प पत्र में किया था। साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस की सरकार अपना वादा पूरा नहीं कर पाई है। इन कोटवारों को मूल वेतन के रूपये प्रतिमाह साढ़े चार हजार रूपये दिया जाता था। जिसमें केवल डेढ़ हजार की बढ़ोतरी की गई है। इससे इन्हें मात्र 6 हजार रूपये वेतन मिल पाता है। इनकी मांग इन्हें नियमितिकरण करने की है। शासकीय कर्मचारी का दर्जा देकर कलेक्टर दर पर वेतन दिये जाने का है जो लगभग 15 से 16 हजार रूपये मासिक होता है लेकिन शासन इनकी मांगों पर ध्यान देना तो दूर अपने जन संकल्प घोषणा पत्र के वादे पूरे करने पर भी रूचि नहीं है। इससे कोटवारों में नाराजगी व्याप्त है।

# वेस्टर्न डिस्टरबेंस से गरज-चमक के साथ हो रही बारिश

राजनांदगांव (दावा)। शनिवार की शाम व गुरूवार की रात हुई गरज-चमक व तेज हवा-तूफान के साथ बारिश से अंचल से तबाही जैसे हालात निर्मित हो गये है। बस्ती इलाकों के कच्चे मकानों में लगे टीन शेड उड़कर कई मीटर दूर जा गिरे वही कई जगह पेड़ों की शाखाएं टूट कर सड़क पर आ गिरी है। कई स्थान पर पेड़ों की डालियां विद्युत तारों पर गिरने से विद्युत अवरोध बना रहा।

हवा-तूफान का असर इतना रहा कि कई स्थानों के विज्ञापन होर्डिंग गिर गये। शहर के ग्रामीण वार्डों में मोहारा, सिंगदई, मोहड़, ढाबा, रेवाडीह, पेंड्री एवं अन्य वार्डों में केवल क्षतिग्रस्त की शिकायते ज्यादा सामने आई। मौसम विभाग की माने तो इन दिनों हवा-तूफान के साथ बना बारिश का माहौल वेस्टर्न डिस्टरवेंस के कारण बना हुआ है। ये डिस्टरवेंस भूमध्य सागरीय इलाके में पैदा होते है। व हर साल अप्रैल माह व अक्टूबर के बीच उत्तर भारत में बारिश लाते है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों तक ऐसे आसार बने रह सकते है।



आंधी-तूफान से हो रही तबाही... फसलों को नुकसान... पारा लुढ़का

### आंधी-तूफान से तबाही

गुरूवार के आंधी-तूफान में जहां एल.टी. लाइन के 35 पोल क्षतिग्रस्त हो गये। ग्यारह केवी लाइन पर लगे पोल गिर गये वही 16 जगह विद्युत केबल पर पेड़ो की डालिया टूट कर गिरने व क्षतिग्रस्त होने से विद्युत अवरोध बना रहा। विद्युत कम्पनी में शिकायत आने से कुछ इलाकों में रात में मरम्मत के बाद विद्युत सप्लाई शुरू की जा सकी। शनिवार को अपराहन साढ़े चार बजे बादलों की गड़गड़ाहट व बिजली की चमक के साथ आधे घंटे तक छुट्टी बारिश से तापमान का पारा लुड़क गया। बारिश के बाद वातावरण में ठंडकता महसूस की गई। मोहला-मानपुर क्षेत्र के कवि/ शायर इकबान खान तनहा ने बतहा ने बताया कि शनिवार के अपराहन हवा-तूफान के साथ हुई बारिश से रास्ते में पेड़ों की डंगलिया टूटकर गिरी, वही दुकान, ठेले टपर के टीन शेड आदि उड़ गये। बारिश इतनी तेज थी कि बसों में बैठे लोग भीग गए सीटे भीग गई, यात्रियों की सामने भी भीग गई। इस बारिश से फसलों का नुकसान होने की बात कही है।

### बैमौसम बारिश से फसलों को क्षति

इन दिनों जारी हवा तूफान के साथ बारिश से रबी सीजन में बोए गये धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचने की बात सामने आ रही है। एक तो वैसे ही मौसम के उतार-चढ़ाव के चलते धान की फसल में कीट व बीमारियों का प्रकोप ने घेर लिया था। अब जब पक कर तैयार हो जाने पर हवा तूफान से धान की फसल जमीन पर गिर गई है।

किसान नेता सुदेश टीकम की माने तो हवा-तूफान व बारिश के कारण कई इलाकों में आम के फसल झड़ गये वही टमाटर समय से पहले ही गिर गये। खेतों में अब भी रबी सीजन का धान खड़ा है तेज हवा के कारण खेतों में फसले धरासायी हो गई है। खेतों में तैयार अन्य फसलों के दाने झड़ने से उत्पादन प्रभावित होगा। इससे किसानों को खासी नुकसानी उठानी पड़ सकती है। सबसे ज्यादा नुकसान सब्जी फसलों को हो रहा है। बता दे कि शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री से सेल्सियस रहा जो सामान्य से 5 डिग्री कम बताया गया है। शनिवार को फिर से बारिश पानी का माहौल बनने से पारा इससे और नीचे जा गिरा है। जिससे वातावरण में ठंडकता महसूस की जा ही है। मौसम विभाग ने 3 दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

# भाजपा की प्रदेश पदाधिकारी बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह समेत पार्टी के दिग्गज नेता हुए शामिल




रायपुर (दावा)। आज कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश पदाधिकारी बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल हुए।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बताया कि बैठक में अगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र अनेकों महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100वें एपिसोड के होने वाले प्रसारण को लेकर उन्होंने कहा कि मन की बात' देश में प्रसारित किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता को संबोधित करते हैं। इस कार्यक्रम का पहला प्रसारण 3 अक्तूबर 2014 को किया गया। यह कार्यक्रम 52 भाषाओं एवं बोलियों जिनमें 11 विदेशी भाषाएं में प्रसारित होता हैं।

इसके साथ पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात ने मनन और चिंतन के दृष्टिकोण को विकसित किया है जैसा कि हम मन की बात की 100 वीं कड़ी के पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यह इस बात की गवाही देता है कि मन की बात प्रधानमंत्री के माध्यम से एक आवाज, एक भावना और एक आह्वान, एक क्रांति पैदा करने और हमारी सोच में बदलाव लाने में सक्षम हुआ है।

# मानस राममंदिर में जानकी जी प्राकट्योत्सव मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। बैशाख मास शुक्ल पक्ष नवमीं तिथि दिन शनिवार 29 अप्रैल को श्री मानस राममंदिर मिलचाल कॉलोनी, तुलसीपुर रोड, राजनांदगांव में मां जानकी जी प्राकट्योत्सव पर्व मनाया गया।

आचार्य श्री पं. प्रकाश ठाकुर ने बताया कि मिथिला के राजा विदेह जनकराजा जी द्वारा आज ही के दिन खेत में हल चलाने से मां जानकी जी का प्राकट्य हुआ। मिथिला पुत्री जनक नंदनी जिसको मां सीता नवमीं पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रीमती लता रानी लाल जे.के. वैष्णव ने पूजा अर्चना की। 'भई प्रगट कुमारी भूमि-विदारी जनहितकारी भयहारि।

अतुलित छबि भारी मुनि- मनहारी जनकदुलारी सुकुमारी''। मंदिर परिसर में मां जानकी जी प्राकट्योत्सव पर स्तुति पाठ की गई। 'जनकसुता जग जननि जानकी, अतिसय प्रिय करूणा निधान की। ताके जुग पद कमल मनावऊँ, जासु कृपाँ निरमल मति पावऊँ। आदि भजन एवं गीत गाया गया।

# युगांतर में सीबीएसई का ट्रेनिंग प्रोग्राम 1 मई से 5 मई तक

राजनांदगांव (दावा)। मध्य भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में जिले भर के शिक्षक-शिक्षिकाओ के लिए सीबीएसई का ट्रेनिंग प्रोग्राम आगामी 1 मई से 5 मई तक आयोजित होगा। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि 1 मई को लाइफ स्किल्स, 2 मई से 3 मई तक क्लासरूम मैनेजमेंट, 4 मई को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 तथा 5 मई को हैप्पी क्लास रूम पर कार्यशाला आयोजित होगी।

## सीबीएसई ने युगांतर को जिले का एक मात्र ट्रेनिंग सेंटर बनाया




इन कार्यशालाओं को संचालित करने के लिए एक्सपर्ट के रूप में माया मिश्रा, जया सिंह, अनुराग गुलाल, प्रशान्त वशिष्ठ, आर एस पाण्डे, वी एस कल्पना को आमन्त्रित किया गया है।सीबीएसई ने नोडल ट्रेनिंग अधिकारी प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल को बनाया है। उन्होंने देश भर के विभिन्न राज्यों में 100 से अधिक संस्थानों में लगभग 5000 से ज्यादा शिक्षकों को ट्रेनिंग दी है।

विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, पी आर ओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने बताया कि यह हर्ष का विषय है कि इस बृहद कार्यक्रम में युगांतर के शिक्षक शिक्षिकाएं जिले भर के शिक्षक-शिक्षिकाओ के साथ युगांतर परिसर में ही सहभागिता दर्ज करेंगे। इसी तारतम्य में विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने शिक्षा के क्षेत्र में 27 वर्षों से मार्गदर्शन देते हुए संस्थान को हमेशा अग्रतम रखा है। सीबीएसई में भी युगांतर अपनी विशिष्ट गतिविधियों में अलहदा स्थान रखता है। युगांतर को सीबीएसई ने जिले का एक मात्र ट्रेनिंग सेंटर बनाकर ऐतिहासिक गरिमा प्रदान की है। यह नगर के लिए पहला अवसर होगा कि किसी संस्थान में सीबीएसई का पांच दिवसीय सघन बृहद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके लिए उन्होंने सीबीएसई के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। ट्रेनर्स एवं ट्रेनीज के लिए प्रातः स्वल्पाहार, दोपहर स्वादिष्ट भोजन एवं सांध्य नाश्ते की व्यवस्था युगांतर पब्लिक स्कूल प्रबंधन द्वारा की गई, जिसके लिए प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। एनईपी पर आयोजित कार्यशाला के लिए उक्त दिन की समस्त सीटें फुल हो चुकी है। प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक शिक्षक गण एवं संस्थाएं अपना पंजीयन शीघ्र करा लेवें। कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु पंजीयन रिसिप्ट आवश्यक है।

युगांतर ने हमेशा ही अपने छात्रों पालको एवं शिक्षकों के लिए विभिन्न कार्य शालाओं का आयोजन किया है। विगत दिनों प्रबंधन के विशेष प्रयासों द्वारा युगांतर के शिक्षकों हेतु फोनिक्स की तीन दिवसीय दुर्लभ ट्रेनिंग आयोजित की गई थी। जिसके बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं। पालकों में प्रवेश हेतु अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# लक्ष्य ने किया 8 नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन

## गुनाराम चंदेल की नि:शुल्क आनलाइन क्लास से सैकड़ों बच्चे हो रहे हैं लाभान्वित

राजनांदगांव/रायपुर (दावा)। लोधी समाज का अधिकारी कर्मचारी एवं बौद्धिक वर्ग का संगठन लक्ष्य छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रति वर्ष *निशुल्क ऑनलाइन नवोदय तैयारी कक्षा 6 वीं के लिये संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 8 चरणों में मॉक टेस्ट का आयोजन में प्रदेश के 18 केंद्रों से प्रति मॉक टेस्ट 1100 बच्चे लाभांवित हुए।

लक्ष्य छतीसगढ़ के उद्देश्यों के अनुरूप शिक्षा प्रभारी गुनाराम चंदेल (शिक्षक) के मार्गदर्शन में नि:शुल्क ऑनलाइन नवोदय तैयारी कक्षा का संचालन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, झारखंड के लगभग 404 बच्चे कक्षा से जुड़कर नि:शुल्क शिक्षा का लाभ लिया।



कोविड-19 में प्रारंभ नि:शुल्क नवोदय ऑनलाइन कक्षा पिछले 3 वर्ष से नियमित रूप से संचालित हो रही है जिसमें लोधी समाज के साथ-साथ अन्य समाज के बच्चे भी लाभान्वित हो रहे हैं। इसी कड़ी में संगठन के निर्देशन में इस वर्ष भी कक्षा संचालन पश्चात नवोदय विद्यालय मुख्य परीक्षा के पूर्व 8 चरणों में प्रदेश के विभिन्न स्थानों में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। लक्ष्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एफ.आर. वर्मा व संयोजक चैनदास जंघेल की अगुवाई में प्रदेश के विभिन्न सेंटर अवंती विद्या मंदिर बाजार अतरिया खैरागढ़, बाजार चारभाठा कबीरधाम, सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़, हाई स्कूल भवन भैसातरा, संबलपुर बेमेतरा, बिरगांव रायपुर, हाईस्कूल पोरथा सकती, खल्लारी महासमुंद, हल्दीपारा बेलतरा बिलासपुर, पिपरिया साजा, ढाबा गंडई, सकेत पथरिया मुंगेली, हाईस्कूल मटका बेमेतरा, शिव ज्ञान मंदिर चिखली राजनांदगांव, सरस्वती विद्यालय बरतोरी बिलासपुर, हाईस्कूल परसबोड साजा, धोधा गंडई, कोहका साजा आदि में नियमित नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन परीक्षा प्रबंधकों, लक्ष्य स्वयं सेवकों व शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। सभी केंद्रों में प्रति मॉक टेस्ट से लगभग 1100 बच्चे जुड़े और लगातार उनकी उपस्थिति बनी रही।

ज्ञात हो कि शिक्षक गुनाराम चंदेल वर्ष 2013 से आनलाईन नवोदय कक्षा का संचालन कर रहे हैं। उनके इस पहल से 'सर्व समाज के बच्चे' नवोदय सहित अन्य शिक्षण संस्थाओं के लिए चयनित हो रहे हैं।

# मिथिलाधाम मंदिर में जानकी प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मना



राजनांदगांव (दावा)। श्रीराम जानकी मिथिलाधाम मंदिर राजनांदगांव मे बैसाख शुक्ल पक्ष नवमी को जानकी प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जनकपुर मे राजा जनक द्वारा हल जोताई करते समय हल के नोक से उत्पन्न हुई बालिका का नामकरण सीता किया गया। क्योंकि हल की नोक को सीत कहा जाता है। जनक का एक नाम विदेह है इसलिए सीता का नाम वैदेही भी रखा गया। जनक नंदनी और जानकी नाम से भी सीता जी को जाना जाता है। जानकी नवमी बहुत पवित्र दिवस है आज पूजा-पाठ करना बहुत फलदायक होता है।

# दिव्यांग ज़न संगठन की बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव दिव्यांग ज़न संगठन की आज 29 अप्रेल दिन शनिवार को बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आज तक हुए अपने मात्र घोषणा कर दी, परंतु सार्थक रूप नहीं देने पर चर्चा और न्याय योजनाओं में राज्य सरकारें के योजना से वंचित जैसे बेरोज़गार भत्ता में 5 वर्षों की छुट पर चर्चा एवं पेंशन घोषणा अनुसार करें, यदि नहीं हुआ तो आगामी फैसला चक्काजाम नेशनल हाईवे जाम की दरकार पर विचार-विमर्श किया गया।

राजनांदगांव सर्व विकलांग लोगों पर आज पर्यंत कोई न्याय योजनाओं की शुरुआत ना करते हुए, मात्र वोट बैंक की राजनीति करते हुए हम सब निराश्रित, विधवाओं, वृद्धजनों एवं शारीरिक विकलांगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मात्र 350/500 रू. को घोषणा पत्र बनाते समय मांग पर कहा जाता है कि 1000/1500रू. करेंगे, जो कहा वह आज पर्यंत पूरा नहीं किया। परंतु कांग्रेस सरकार का कहना जो कहा वह किया, किन्तु अधूरे सच के साथ चलने वाले पार्टी ही रह गई। बार-बार ज्ञापन व ध्यानाकर्षक करने पर भी मांग पूरी नहीं हुई।

राजनांदगांव विकलांग संगठन के तत्वावधान बैठक महाराष्ट्र मंडल पर कार्यवाही पर चर्चा करते हुए मीडिया प्रभारी जिला संगठन के देवेन्द्र कुमार विश्वकर्मा राजनांदगांव सर्व विकलांग ने कहा कि शीघ्र मांग पूरा करें अन्यथा चक्काजाम किया जायेगा।

# परिपोषक पालन के मार्गदर्शक कार्यशाला का आयोजन

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के संबंध में दी गई जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परिपोषक पालन के मार्गदर्शक विषय पर पर्यवेक्षकों की परियोजना स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रेवाडीह राजनांदगांव में किया गया। कार्यशाला में परियोजना राजनांदगांव शहर, ग्रामीण-1 एवं ग्रामीण-2 के पर्यवेक्षक उपस्थित थे। कार्यशाला में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं समाज के सुनहरे भविष्य के रूप में तैयार करने हेतु उचित माहौल तैयार करने हेतु जानकारी दी गई।



साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के अनुरूप तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला में एफसीएल पुणे से श्री वेंकटेश, श्री वैभव यादव एवं श्री योगेश चंद्राकर कार्यशाला के दूसरे दिन उपस्थित थे। उन्होंने कार्यशाला के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके द्वारा राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों के भ्रमण का अनुभव भी साझा किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर से भेंट कर कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु रणनीतियों पर चर्चा भी की गई। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला महिला बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे, परियोजना अधिकारी पीआर खुटेल एवं सुश्री रीना ठाकुर तथा एफसीएल पीओ अमृता भोईर उपस्थित थे।

# देश के 12 स्थानों में छत्तीसगढ़ से बालोद का चयन, बुधवारी बाजार से होगा पीएम मोदी के मन की बात का लाइव प्रसारण

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात की 100वीं कड़ी का रविवार 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे बालोद के बुधवारी बाजार से लाइव प्रसारण होगा। देश के 12 स्थानों से लाइव प्रसारण होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के जिला बालोद का चयन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक प्रितेश गांधी ने बताया कि डीडी न्यूज की टीम पहुंच गई है। बुधवारी बाजार चौक पर वाटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है। बारिश को देखते हुए 2000 छातों की भी व्यवस्था की गई है। मन की बात कार्यक्रम को प्रदेश के दस हजार स्थानों पर सुना जाएगा, जिसमें करीब 10 लाख लोगों के सुनने की व्यवस्था की गई है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि मन की बात आकाशवाणी व अन्य माध्यमों से प्रसारित किया जाने वाला एक अत्यंत ही लोकप्रिय कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री देश की जनता से सीधे संवाद करते हैं। प्रदेश में इस कार्यक्रम के लिए ब?ी तैयारी कर ली गई है। 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को शहर से लेकर गांव तक लोगों के बीच सुना जाएगा। लोगों को हर एपिसोड का इंतजार रहता है। मन की बात को शहर से लेकर गांव तक लोगों के बीच सुना जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण 52 भाषाओं एवं बोलियां में होगा, जिसमें




11 विदेशी भाषाएं शामिल हैं। साव ने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश और आम जनता की बात की है। इसमें वैज्ञानिक उपलब्धियां, आम नागरिकों के किस्से, सशस्त्र बलों की वीरता, पर्यावरण, स्वास्थ्य, मिलेट आदि पर चर्चा हुई। अब तक 100 करोड़ जनता मन की बात सुन चुकी है, वहीं 23 करोड़ जनता नियमित रूप से कार्यक्रम को सुनती है।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड के लिए भाजपा के केंद्रीय संगठन ने हर राज्य से वरिष्ठ नेताओं को अतिथि बनाया, लेकिन छत्तीसगढ़ के किसी भी नेता को इस सूची में शामिल नहीं किया गया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की भूमिका में हैं। इसके साथ ही कई आदिवासी नेता राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

बावजूद इसके किसी को जिम्मेदारी नहीं मिलने से प्रदेश के नेताओं को झटका लगा है। भाजपा केंद्रीय संगठन ने 18 राज्य के पार्टी पदाधिकारियों के मुख्य अतिथि बनने की सूची जारी की। इस सूची में छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं। सबसे ज्याद उत्तर प्रदेश के नेताओं को सूची में शामिल किया गया है।

## किशनलाल साहू करमरी में कार्यकर्त्ताओं के साथ सुनेंगे मन की बात

छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया के सभापति किशन साहू अपने निर्वाचन क्षेत्र शक्ति केंद्र करमरी में देश के प्रधानमंत्री यशस्वी नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100 वां संस्करण करमरी में आज 30 अप्रेल को प्रातः 11 बजे आम लोगों के साथ एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मन की बात सुनेंगे.

## अनमोल दावा

> सफलता का छोटा सा सूत्र याद रखना चाहे सब कुछ खो जाए पर मुस्कान मत गवाना

## हादसों का सिलसिला

अच्छी सड़कों को विकास के एक मानक के तौर पर देखा जाता है। लेकिन इनका इस्तेमाल करने वाले लोग अगर सफर के सलीके और कायदों को ताक पर रखते हैं, उसका नतीजा कभी भी सुखद नहीं हो सकता। आए दिन इस मसले पर अध्ययनों में यह बताया जाता रहा है कि बहुत मामूली लापरवाही की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में जिस पैमाने पर लोगों की जान चली जाती है, वह चिंता की बात है। लेकिन ऐसा लगता है कि ये आंकड़े न सरकार को ज्यादा चिंतित करते हैं, न लोग इससे सबक लेते हैं।

बेहद अफसोसजनक यह भी है कि इस तरह के हादसों में न केवल वयस्क लोगों की जान जा रही है, बल्कि उनके साथ सफर करने वाले बच्चे भी नाहक ही जान गंवा बैठते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अकेले दिल्ली में पिछले तीन साल में एक से सत्रह वर्ष तक की उम्र वाले एक सौ इकसठ बच्चों की जान चली गई। अब यह एक सामान्य निष्कर्ष है कि इस तरह के हादसों में जितने लोगों की मौत होती है, उनमें से ज्यादातर की जान सिर्फ कुछ सावधानी के जरिए बचाई सकती है। लेकिन इस मामले में बरती जाने वाली बहुस्तरीय कोताही के चलते अव्वल तो हादसों की रफ्तार पर रोक नहीं लग पा रही है और न ही इसमें मरने वालों को बचाया जा पाता है।

यह छिपा नहीं है कि वाहनों के आपस में टकरा जाने और उसमें किसी के बुरी तरह घायल होने में सबसे बड़े कारकों में यातायात नियमों का पालन नहीं करना, निर्धारित से ज्यादा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना, हेलमेट और अन्य सुरक्षा यंत्र पहनने को लेकर लापरवाही बरतना मुख्य हैं। जबकि सड़क पर चंद पलों के भीतर उचित निर्णय लेने में असंतुलन की वजह से बड़े हादसे हो जाते हैं और उसके बाद ये कारक किसी के जिंदा बचने की रही-सही उम्मीद खत्म कर देते हैं। यह बेवजह नहीं है कि अब सड़कों पर वाहन चलाने के मामले में नए सिरे से नियम सख्त करने, दोपहिया पर बच्चों के लिए हेलमेट अनिवार्य करने जैसे उपायों को अनिवार्य बनाने की बात उठ रही है।

विडंबना यह है कि अगर कहीं नियमों के मुताबिक अमल को लेकर सरकार का आग्रह होता है तो वहां लोग अपनी ओर से इस हद तक लापरवाही बरतते हैं कि किसी की जान चली जाए। इसे यातायात को लेकर जरूरी प्रशिक्षण का अभाव कहा जा सकता है, लेकिन इससे ज्यादा यह न केवल दूसरों के जीवन के प्रति, बल्कि अपनी सुरक्षा को लेकर भी सजगता के अभाव का नतीजा है।

यह बेवजह नहीं है कि कई बार वाहन चलाते हुए कोई व्यक्ति यह मान कर चलता है कि उसके आसपास या सामने कोई नहीं है और बहुत मामूली वजह से भी या तो वह हादसा कर बैठता है या फिर बेवजह घातक स्तर तक लड़ाई करता है। ऐसे दृश्य अक्सर दिख जाते हैं जब किसी वाहन में निर्धारित से ज्यादा संख्या में लोगों को बिठा कर लोग बेहद असुरक्षित तरीके से चलते हैं। नशे में कोई छोटा या भारी वाहन चलाते हुए व्यक्ति न दूसरों का खयाल रख पाता है, न अपनी जान को लेकर उसे फिक्र होती है।

रातों में बेलगाम तरीके से दौड़ते बड़े वाहनों का जोखिम अब कोई छिपा तथ्य नहीं है। ऐसे में सड़कों पर अन्य लोगों के बीच बच्चे हादसों के आसान शिकार बन जाते हैं, जो कई बार बच सकने की कोशिश भी नहीं कर पाते। जरूरत इस बात की है कि न केवल सड़क यातायात को लेकर नियमों में नरमी न बरती जाए, बल्कि वाहन चलाने वालों के भीतर यह अहसास पैदा हो कि वे अपने और दूसरों के जीवन की फिक्र करें।

# बादल साहब हमेशा दिलों में बसे रहेंगे

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



पच्चीस अप्रैल की शाम को जब मुझे सरदार प्रकाश सिंह बादल जी के निधन की खबर मिली तो मन बहुत दुखी हुआ। उनके निधन से मैंने एक पिता तुल्य व्यक्ति खो दिया है, जिन्होंने दशकों तक मेरा मार्गदर्शन किया। एक प्रकार से देखें तो उन्होंने भारत और पंजाब की राजनीति को ऐसा आकार दिया, जो अपने आप में अद्भुत है।

बादल साहब एक बड़े नेता थे, यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे एक बड़े दिल वाले इंसान थे। एक बड़ा नेता बनना आसान है, लेकिन एक बड़े दिल वाला व्यक्ति होने के लिए और भी बहुत कुछ चाहिए। पूरे पंजाब में लोग कहते हैं- बादल साहब की बात अलग थी!'यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत के इतिहास में सरदार प्रकाश सिंह बादल साहब को एक बड़े किसान नेता के रूप में जाना जाएगा। कृषि और किसान उनके दिल में रचे-बसे थे। वे जब भी किसी अवसर पर बोलते थे, उनके भाषण तथ्यों, नवीनतम जानकारियों और ढेर सारे व्यक्तिगत अनुभवों से भरे होते थे।1990 के दशक में जब मैं उत्तरी भारत में पार्टी का काम देखता था, तब मुझे बादल साहब को निकटता से जानने का अवसर मिला। बादल साहब एक लोकप्रिय नेता थे। वे एक राजनीतिक दिग्गज थे जो पंजाब के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और दुनियाभर के करोड़ों पंजाबियों के दिलों पर राज करने वाले व्यक्ति थे। दूसरी ओर, मैं एक साधारण कार्यकर्ता था। फिर भी, अपने स्वभाव के अनुरूप, उन्होंने कभी भी इसे हमारे बीच खाई नहीं बनने दी। वे गर्मजोशी के साथ-साथ संवेदनाओं से भरे एक जीवंत व्यक्तित्व थे। ये ऐसे गुण थे, जो आखिरी सांस तक उनके साथ रहे। हर कोई, जिसने भी बादल साहब के साथ निकटता से बातचीत की, उनकी बुद्धिमत्ता और हंसमुख स्वभाव का कायल हो गया।1990 के मध्य और उत्तरार्ध में पंजाब में राजनीतिक माहौल बहुत अलग था। राज्य ने बहुत उथल-पुथल देखी थी और 1997 में चुनाव होने थे। हमारी पार्टियां एक साथ मिलकर लोगों के पास गईं और बादल साहब हमारे नेता थे। उनकी लोकप्रियता और जनता का विश्वास एक प्रमुख कारण था कि लोगों ने हमें शानदार जीत का आशीर्वाद दिया। इतना ही नहीं, हमारे गठबंधन ने चंडीगढ़ में नगरपालिका चुनाव और शहर में लोकसभा सीट भी सफलतापूर्वक जीती। ये उनके नेतृत्व का ही प्रभाव था कि हमारा गठबंधन 1997 से 2017 के बीच 15 साल तक राज्य की सेवा करता रहा।एक किस्सा है, जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता। मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने के बाद एक दिन बादल साहब ने मुझसे कहा कि हम अमृतसर जाएंगे, मत्था टेकेंगे और साथ में लंगर छकेंगे। मैं अमृतसर पहुंच गया और गेस्ट हाउस में अपने कमरे में था, लेकिन जब उन्हें इस बात का पता चला तो वे मेरे कमरे में आए और मेरा सामान उठाने लगे। मैंने उनसे पूछा कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि आओ मेरे साथ।

वे मुझे वहां ले गए, जो कमरा मुख्यमंत्री के लिए आवंटित होता है, और फिर उन्होंने कहा कि तुम यहां रहोगे। मेरे लाख मना करने के बाद भी वे माने नहीं और फिर मुझे उसी कमरे में रहना पड़ा। और बादल साहब दूसरे कमरे में रुक गए। मेरे जैसे एक बेहद साधारण कार्यकर्ता के प्रति उनके इस भाव को मैं आज भी नहीं भूल पाया हूं।

बादल साहब की गौशाला में विशेष रुचि थी और वे तरह-तरह की गायें रखते थे। हमारी एक मुलाकात के दौरान, उन्होंने मुझे बताया कि गिर की गायों को पालने की उनकी इच्छा है। मैंने उनके लिए 5 गायों की व्यवस्था की और उसके बाद जब भी हम मिलते तो वे मुझसे गायों के बारे में बात करते, और मजाक में कहा करते थे कि वे गायें हर तरह से गुजराती हैं- क्योंकि वे कभी गुस्सा नहीं करतीं, उत्तेजित नहीं होतीं, या किसी पर हमला नहीं करतीं, यहां तक कि जब बच्चे खेल रहे होते हैं, तब भी नहीं। वे कहते थे कि गुजराती भी इन गायों का दूध पी-पीकर विनम्र होते हैं।2001 के बाद, मुझे बादल साहब के साथ एक अलग रूप में बातचीत करने का मौका मिला- अब हम अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री थे।मुझे विशेष रूप से जल संरक्षण, पशुपालन और डेयरी सहित कृषि से संबंधित कई मुद्दों पर बादल साहब का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एक बार उन्होंने मुझसे कहा था कि वे समझना चाहते हैं कि अलंग शिपयार्ड में कैसे काम होता है। फिर वे वहां आए और पूरा दिन अलंग शिपयार्ड में बिताया और अच्छी तरह समझा कि रीसाइक्लिंग कैसे होती है। पंजाब एक तटीय राज्य नहीं है और एक तरह से उनके लिए शिपयार्ड की कोई सीधी प्रासंगिकता नहीं थी, लेकिन नई-नई चीजों को जानने और सीखने की रुचि उनमें हमेशा रहती थी।

2001 के भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हुए कच्छ के पवित्र लखपत गुरुद्वारे की मरम्मत और जीर्णोद्धार के प्रयासों के लिए उन्होंने जिस प्रकार से गुजरात सरकार के प्रयासों की सराहना की, वो हमारे लिए बहुत प्रेरणादायी रहेगी।2014 में केंद्र में एनडीए सरकार के आने के बाद भी समय-समय पर उनके अनुभव का लाभ मुझे मिलता रहा। उन्होंने ऐतिहासिक जीएसटी सहित कई बड़े सुधारों का पुरजोर समर्थन किया। हमारे राष्ट्र के लिए उनका योगदान अमिट है। वे आपातकाल के काले दिनों में भी लोकतंत्र के लिए लडने् वालों के साथ एक मजबूत स्तंभ की तरह खड़े थे। उन्होंने हमेशा कांग्रेस के अहंकार और जुल्मों का सामना किया। उनकी सरकारें भी बर्खास्त की गईं।

पंजाब में 1970 और 1980 के दशक के मुश्किल भरे दौर में भी बादल साहब ने पंजाब फर्स्ट और इंडिया फर्स्ट' की बात रखी। उन्होंने ऐसी हर बात का दृढ़ता से विरोध किया, जो भारत को कमजोर करे या पंजाब के लोगों के हितों से समझौता करे, भले ही इसके लिए उन्हें कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी हो। वे महान गुरु साहिबों के आदर्शों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने सिख विरासत को संरक्षित करने और नयी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए। 1984 के दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका को कौन भूल सकता है? बादल साहब सब लोगों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अलग-अलग विचारधाराओं वाले नेताओं के साथ काम किया। राजनीतिक फायदे-नुकसान से परे हटकर उनके लिए राष्ट्रीय एकता की भावना हमेशा सर्वोपरि रही।बादल साहब के निधन से जो रिक्तता आई है, उसे भरना मुश्किल होगा। वे एक ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने जीवन में कई चुनौतियां देखीं।वो आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हमेशा हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। उनकी कमी तो हमें जरूर खलेगी, लेकिन यह भी सच है कि वे हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे।

### विचार सरिता

## गीता की कथा का समापन भाग, देखें सृष्टि में चहुं ओर आनंद

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री कृष्ण द्वारा पांडवों का प्रस्ताव रखने पर महाराज धृतराष्ट्र ने पूछा।

महाराज धृतराष्ट्र... हे श्री कृष्ण! पांडव क्या चाहते हैं?

श्री कृष्णः पांडवों का संदेश यह है कि उन्हें अब उनके राज्य का भाग मिल जाना चाहिए। हे राजा!मेरी भी यही सम्मति है और दोनों पक्षों में संधि होने से स्वयं आप समस्त लोकों पर अपना आधिपत्य स्थापित करेंगे तथा आपकी शक्ति इस पूरे भारतवर्ष में अजेय हो जाएगी।

भगवान श्री कृष्ण की बातें सुनकर दुर्योधन मन ही मन नाराज होने लगा। उसे ऐसा लगा जैसे श्री कृष्ण उनका अपमान करने के लिए हस्तिनापुर आए हैं। महर्षि कण्व ने भी उसे समझाने की कोशिश की लेकिन उसने उल्टी ही भाषा में जवाब दिया।

दुर्योधनः हे महर्षि! जो जैसा होने वाला है और जैसी मेरी गति होनी है, वह होकर रहेगी। उसी के अनुरूप मेरा आचरण भी है। इसमें आपके समझाने से क्या होने वाला है?

उधर महाराज धृतराष्ट्र ने श्री कृष्ण से कहा कि दुर्योधन अपने मन का ही आचरण करता है अतः आप स्वयं उसे समझाइए लेकिन दुर्योधन पर श्री कृष्ण के समझाने का भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा। श्री कृष्ण के बाद पितामह भीष्म, गुरु द्रोण, महात्मा विदुर और स्वयं राजा धृतराष्ट्र ने भी उसे समझाना चाहा लेकिन दुर्योधन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वह श्री कृष्ण से भी तर्क करने पर उतारू हो गया और उन्हें कहा कि जब तक मैं जीवित रहूंगा तब तक पांडवों को इतनी भूमि तो क्या सुई की नोक के बराबर भूमि भी नहीं दे सकता हूं।

अर्जुन सोचने लगे सुई की नोक के बराबर जमीन से लेकर दुर्योधन का संपूर्ण भारतवर्ष पर आधिपत्य स्थापित करने का दुःस्वप्न और पांडवों को उनके अधिकार से वंचित करने की कुमति...

अर्जुन अभी थोड़ी देर पूर्व श्री कृष्ण के अमृततुल्य वचनों को याद करने लगे... श्री कृष्ण का विश्वरूप देखते समय अर्जुन को उसके एक भाग में एक भीषण युद्ध की छवि दिखाई दी थी, जिसमें एक किशोरवय योद्धा को कौरव पक्ष के छह महारथी मिलकर निर्ममतापूर्वक मार रहे हैं। आचार्य द्रोण, कृपाचार्य, कर्ण, अश्वत्थामा, वृहद्बल तथा कृतवर्मा... इन छह प्रमुख कौरव योद्धाओं ने उस कुमार को घेर लिया है। वे मिलकर उस पर गदा, तलवार और धनुष बाण से वार कर रहे हैं। अगर अर्जुन एक क्षण भी ध्यान में और रुक जाते तो वे उस किशोर योद्धा का मुख भी देख लेते लेकिन अर्जुन ने श्री कृष्ण द्वारा अभी कहे गए वचनों का पूर्ण रुप से पालन करते हुए अपने वर्तमान कर्तव्य को निभाने का निश्चय किया। अर्जुन के एक मन ने कहा- क्या वह गिरा हुआ किशोर अभिमन्यु है? लेकिन दूसरे ही क्षण अपने उस मन पर दृढ़ संकल्प से नियंत्रण पाते हुए अर्जुन ने कहा, नहीं अभी मुझे तत्काल अपने रथ पर खड़े होकर सभी पांडव योद्धाओं को अपनी उपस्थिति का संकेत देना है। इस युद्ध में मेरा उतरना महत्वपूर्ण है और मैं इसे पूरी गंभीरता के साथ लड़ूंगा।

दुर्योधन युद्ध लड़ने के लिए उतावला है। श्री कृष्ण के महान उपदेश के पूर्ण होने और श्री कृष्ण की योगमाया से बाहर आने के बाद फिर से कौरवों और पांडवों की सेना में हलचल मची। दुर्योधन ने चिल्लाकर अपने मित्र कर्ण से कहा। दुर्योधनः 'अब यह अर्जुन अपने रथ को इन दोनों सेनाओं के बीच में क्यों ले आया है? यह वापस क्यों नहीं लौट रहा है? इसने अपने हथियार रख क्यों दिए हैं?'

कर्णः प्रतीत होता है मित्र कि अर्जुन को पांडवों की हार का पहले ही पूर्वानुमान हो गया है और इसीलिए वह शांति वार्ता के उद्देश्य से दोनों सेनाओं के मध्य भाग में आ गया है।

दुर्योधन और कर्ण दोनों मित्र हंस पड़े।

उधर दृढनिश्चयी अर्जुन अपने स्थान पर उठ खड़े हुए। उन्होंने झुककर श्रीकृष्ण के चरणों की वंदना की। उन्होंने गांडीव धनुष को अपने हाथ में लिया।अर्जुन को रथ पर श्री कृष्ण के ठीक पीछे खड़ा हुआ न पाकर पांडव पक्ष के अनेक योद्धा चिंता ग्रस्त हो गए थे लेकिन अर्जुन को पुनः उनके स्थान पर देखकर पांडव सेना ने हर्षनाद किया। शंख बजने लगे तथा भेरी, पेशी, ऋकच और नरसिंगों के अचानक बजे उठने से वहां बड़ा भारी शब्द होने लगा। अब दोनों ही सेना के महारथी युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार हो गए। अर्जुन ने पांडव पक्ष में थोड़ी दूरी पर एक रथ में सवार अपने वीर पुत्र अभिमन्यु की ओर देखा और मुस्कुरा उठे। पिता को देखकर अभिमन्यु भी मुस्कुरा उठे। श्रीकृष्ण ने अपना प्रसिद्ध पांचजन्य शंख हाथ में लिया और उनके फूंक मारते ही संपूर्ण कुरुक्षेत्र में महाध्वनि होने लगी।

(अपने आराध्य श्री कृष्ण से संबंधित द्वापर युगीन घटनाओं के उपलब्ध विवरण के साथ-साथ श्रीमद्भागवत गीता व महाभारत ग्रंथ के श्लोकों और उनके उपलब्ध अर्थों व संबंधित दार्शनिक मतों पर लेखक की कल्पना और भक्तिभावों से परिपूर्ण कथात्मक प्रस्तुति)।

(समाप्त)

## कहीं आप भी तो नहीं खा रहे केमिकल से पकाया गया तरबूज



नई दिल्ली। बदलते समय के साथ ही न केवल हमारे जीवनशैली में बदलाव आया है बल्कि आस-पास की सभी चीजों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। सब्जियों से लेकर अनाज और फलों तक हर चीज में मिलावट देखने को मिल रही है। तरबूज भी इस मिलावट से अछूता नहीं है। गर्मी के मौसम में तरबूज सबसे ज्यादा खाए जाने वाले फलों में से एक हैं। लेकिन क्या आपने कभी इस बात पर गौर किया है कि, बेहद रसीले और लाल तरबूज दिखने वाले तरबूज असल में प्राकृतिक रूप से पके हैं या फिर यह किसी केमिकल का कमाल है।

तरबूज में इस्तेमाल होने वाले सबसे जहरीले डाई में से एक है एरिथ्रोसिन। यह एक गुलाबी रंग का डाई है, जिसका इस्तेमाल ज्यादातर खाने में रंग लाने के लिए किया जाता है। स्वस्द्ध या भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने लोगों को इस खतरनाक मिलावट के प्रति जागरुक करने के लिए एक वीडियो जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि आप तरबूज में मिलावट का पता कैसे लगा सकते हैं।

वीडियो में बताया गया है कि तरबूज को दो हिस्सों में काटें और गूदे पर कॉटन बॉल की मदद से डाई की जांच करें। अगर कॉटन बॉल का रंग बदलता है, तो इसका मतलब है कि फल में केमिकल डाई की मिलावट की गई है। अगर ऐसा नहीं होता है कि इसका मतलब है कि तरबूज प्राकृतिक रूप से पके हुए हैं। तरबूज को लाल करने के लिए धड़ल्ले से इस्तेमाल किए जाने वाले एरिथ्रोसिन का शरीर पर काफी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। एक अध्ययन में पाया गया कि इस डाई का लंबे समय तक उपयोग बचपन के व्यवहार, थायरॉइड फ़ंक्शन समेत अन्य गंभीर जटिलताओं के जन्म दे सकता है। वहीं रंग के अलावा इसके स्वाद को भी आर्टिफिशियल तरीके से बढ़ाया जाता है, जिसके लिए कार्बाइड नाम के केमिकल को मिलाया जाता है।

### सामायिक चर्चा

## जहरीला भाव का उत्स....!

खबर पढ़कर, क्षुब्ध होकर,
बानी बोले -'गजाधर'
हमारे देश के नेताओं के
दिल-दिमाग पर कौन-सा शैतान खेल रहा
जो इधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष
मल्लिकार्जुन खड़गे ने
मोदी जी को 'जहरीला नाग' कहा,
तो उधर, कर्नाटक के विधायक
वासन गौड़ ने सोनिया जी को,
'विष कन्या'कहा दिया।
गजाधर ! आपने इस पर
कैसा-क्या विचार किया ?
मैं तो, यह सोच-सोचकर,
अकबका रहा हूँ कि नेताओं में,
क्यों पनप रहा है, एक से एक,
ऐसा 'जहरीला भाव' ?
गजाधर मुस्कराए, बोले -
'बानी। इसका कारण एक,
और वह है, चुनाव।'



– गिरीश बख्शी

### कविता

## जल, जंगल अऊ जमीन

जल से तो कल हे, जल ही सबो के हल हे।
जल सबके जिन्दगानी हे, जल से जिन्दा हर परानी हे।
नल ल खुल्ला झन छोड़व, जल ल चलव बचाबो।
जल ह बिरथा झन जावय, नल म टोटी लगाबो।
जंगल ले हावे जीवन के हल, झाड़ लगाबो चल चल चल।
जंगल ले मिलथे सुघ्घर हवा, फुल फर अऊ देथे दवा।
जंगल म जम्मों धन गढ़े हे, आषिश देवत वोहा खड़े हे।
जल जंगल बर चलव लड़े हम, जगत चराचर के पेट भरे हे।।
धरती माता सबला देथे, बदला म वोहा कुछ नई लेथे।
धरती ले परोपकारी सीख, मैला कुचैला सबला सहिथे।
जल जंगल अऊ धरती बचाना, हम मानव के फर्ज हे।
वोकर दिये हम सब कुछ खाथन,
हमर उपर ये कर्ज हे।।
प्रकृति के रकक्षा करय,
जय परकिरिती।



-आनंदराम साहू (सार्वा)

### राशिफल



**मेष** – आज आपका दिन उत्तम रहेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। दैनिक रोजगार नियमित रहेगा। मित्र से मिलाप होगा। स्वास्थ्य सुधार होगा। सुखद समाचार मिलेंगे।



**वृषभ** – आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग मिलेगा। संतान द्वारा सहयोग मिलेगा। प्रतियोगिता में विजय होगी। शत्रु परास्त होंगे।



**मिथुन** – आज आपका दिन सामान्य रहेगा । परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। निर्माण में प्रगति होगी। भौतिक सुखों पर धन खर्च होगा।



**कर्क** – शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। साझेदारी से लाभ होगा।



**सिंह** – आज आपका दिन मनोनूकुल रहेगा। कुटुंबजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। संतान का सहयोग मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। राजकाज में सफलता मिलेगी।



**कन्या** – आज आपका दिन सामान्य रहेगा। धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी। कार्यों में प्रगति होगी। धन का लाभ मिलेगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सही रहेगा।




**तुला** – आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा।धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। कुछ घरेलू समस्या आयेगी। स्वास्थ्य लाभ होगा।



**वृश्चिक** – आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होंगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। कुछ परिवार की समस्या रहेगी। प्रतिष्ठा का लाभ होगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।




**धनु** – आज आपका दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार हो सकता है। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। हल्की परिवारिक समस्याएं चलती रहेंगी। राजकाज में संघर्ष होगा। मान-सम्मान का ध्यान रखें। आराम करें।



**मकर** – आज सितारे कम अनुकूल हैं। गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। खान पान का ध्यान रखें अन्यथा उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रह सकता है। दैनिक कार्य में हल्की बाधाएं आयेंगी। ज्यादा सोचने से मानसिक अशांति रहेगी। राजकाज में विलम्ब होगा।



**कुंभ** – आज आपका दिन लगभग सही रहेगा। व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य सुधार होगा।



**मीन** – आज आपका दिन बढिया रहेगा। धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। हल्की घरेलू समस्याएं आयेंगी। स्वास्थ्य लाभ होगा।

### शब्द सामर्थ्य -049

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए, गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 048 का हल



# लो-वोल्टेज की समस्या बनी महिला समूह के आर्थिक नुकसान का कारण

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पीटेपानी में गोदावरी महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम बागरेकसा द्वारा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने आजीविका विकल्प के रूप में सेनेटरी पैड उत्पादन यूनिट आदिवासी समुदायिक भवन पिटेपानी में लगाया गया है. परंतु बिजली के कम वोल्टेज की समस्या से मशीने प्रारंभ नहीं हो पाती जिससे कार्य करना संभव नहीं होता, इस प्रमुख समस्या से विद्युत विभाग चिरचारी को अनेक मर्तबा अवगत कराया जा चुका है. परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया है.

सड़क चिरचारी के जेई प्रशांत नेताम के अनुसार उन्हें लिखित रूप से पत्र नहीं मिला. जबकि गोदावरी महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम बागरेकसा के पास कार्यपालन अभियंता विद्युत उपकेंद्र चिरचारी को 13 फरवरी को दिए गए पत्र




वोल्टेज के कारण उत्पादन में अंतर - महिला समूह अध्यक्ष

का पावती है. भवन का निर्माण शासन ने महिला समूह को प्राथमिकता देने हेतू बनाया एवं विद्युत वोल्टेज समस्या होने से मशीनो का संचालन पूर्ण रुप से असंभव है. जबकि महिला समूह ने विद्युत विभाग के द्वारा दिए गए सुझाव पर विद्युत कनेक्शन सिंगल फेज से ट्रिपल फेज भी अपग्रेड करवा लिए, लेकिन समस्या यथावत है.

### विद्युत उपकेंद्र चिरचारी के जेई ने लिखित पत्र प्राप्त होने इंकार किया

विद्युत उपकेंद्र चिरचारी जेई प्रशांत नेताम का कहना हैं की मुझे लिखित तौर पर कोई पत्र नही मिला है. एवं इस क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या पूर्व से ही रही है जिसे विभागीय स्तर पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा.

### कमर्शियल विद्युत बिल बना आर्थिक नुकसान का कारण

समूह की सभी महिलाएं बहुत गरीब है एवं पिछले 2 साल से बिना कार्य किए कमर्शियल बिजली का बिल भर भरकर कर्ज में चली गई है. महिला समूह के महिलाओं की स्थिति बेरोजगारी जैसी हो गई है. इस विपरित स्थितियों से महिला समूह के द्वारा अनेकमर्तबा विद्युत उपकेंद्र चिरचारी को सूचित किया जा चुका है एवं इस समस्या को जिला कलेक्टर को भी सुचित किया जा चुका है. परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है.

# शिव महापुराण कथा की निंदा करने वाले के घर, शिव द्रोही के यहां दिया जलाने वाला नहीं बचता- प्रदीप मिश्रा



0 परमात्मा ने शिव महापुराण की कथा को चार्जिंग प्वाइंट बना दिया है - प्रदीप मिश्रा

0 श्री एकांतेश्वर शिव महापुराण कथा का पांचवा दिन

### भक्ति के बैलेंस को जीवन में बढ़ाएं

भक्ति का बैलेंस बढ़ाएं भक्ति को नहीं बड़ा पा रहे हैं भीड़ बढ़ाने के लिए कभी शिव महापुराण कथा में नहीं जाए, भक्ति बढ़ाने के लिए शिव महापुराण की कथा में पहुंचे। टाइम टाइम पर भक्ति का बैलेंस भी चेक करते रहे, भजन भक्ति को बढ़ाने के लिए महादेव आपके जीवन में कष्ट देते है। भक्ति के बैलेंस को बढ़ाए। परमात्मा ने शिव महापुराण कथा को चार्जिंग प्वाइंट बना दिया है।

### जीवन में अच्छे लोगों की संगत नहीं छोड़ना चाहिए

संगत मत छूटना चाहिए अपने जीवन में अच्छे लोगों का संगत नहीं छूटना चाहिए, पंगत भले छूट जाए। जो रोज मंदिर जाता है अच्छी संगत करता है उसका साथ नहीं छोड़ना चाहिए यश, वैभव ,धन ,दौलत कितना भी रहे लेकिन रावण के पास अच्छी संगत नहीं थी इसलिए सब कुछ बर्बाद हो गया संगत अच्छे लोगों से करें। भक्ति का थोड़ा थोड़ा हरि का भजन कर संगत कर अच्छे लोगों का मुक्ति का कोई जतन करले रोज थोड़ा थोड़ा भजन कर ले। संगतकर अच्छे लोगों की दुवा मिल जाएगी। प्रत्येक भूमि के कण-कण में शिवजी समाए है। पंडित मिश्रा जी ने कहा कि एक पत्र आया है की जिस ने एक बह न ने कहा कि उसकी बहन का बेटा शांत होने की सूचना मिली तब कथा छोड़कर गए और घर से वापस आए कथा पर तो वह बालक जीवित होने की खबर मिली।

राजनांदगांव (दावा)। सिविक सेंटर में चल रहे श्री एकांतेश्वर शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु जनो ने जीवन में शिव महापुराण कथा सुनी। शिव कथा व्यासपीठ से पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा प्रसंग में कहा कि अपने जीवन में जो मानव जीवन के योनि में कोई कर्म कार्य ऐसा करते चले जाना कोई मार्ग ऐसा बना कर चले जाना इस दुनिया से ताकि आपका नाम इस दुनिया में भी रहे। श्री एकांतेश्वर महादेव हमें भगवान शिव जी की और भक्ति करने का मौका मिला है 7 दिन तक अगर थोड़ा-थोड़ा सरवन करके जीवन में उतारे। कानों को छेदने का मुख्य कारण यह है कि बुरी बात को काम से छेद से निकाल दें और अच्छी बातों को कानों के अंदर उतारे ,ज्ञान की बातें अच्छी बातें प्राप्ति हो रही है कहीं भजन हो रहा है सत्संग हो रहा है उसे कान के अंदर उतारे। दो तरह का जहर होता है जिसमें मुख से जहर दिया जाता है तो उसके तुरंत मर जाता है और दूसरा जहां निंदा की जा रही हो रोज-रोज की मृत्यु देता है। कान से दिया गया जहर व्यक्ति को प्रति दिन मृत्यु देगा, निंदा से दूर हो जाए जितना बन सके।

### नारी का सम्मान करना चाहिए

नारी के अपमान के कारण रामायण और महाभारत हुए, जहां नारी का सम्मान होता है वहां ना रामायण होता है और ना ही महाभारत होता है। रामायण महाभारत नारी का अपमान के कारण हुआ जिस घरों में आज भी स्त्री का सम्मान नहीं होता वहां घरों में भी रामायण और महाभारत होता है।

बच्चों को अच्छे संस्कार दे माताएं पंडित मिश्रा जी ने कथा मे कहा कि माताएं अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे और बच्चों को संस्कारित करें हम सुधरेंगे युग सुधरेगा, यही भावना से संस्कार दें।

### माता जानकी जन्म उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

पंडित मिश्रा जी जानकी नवमी की जन्म उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता जानकी की जन्म उत्सव के दिन सभी शिवभक्त जन एक सीख ले की मेहनत कर्म अच्छे करें और सत्यता का प्रूफ देना नहीं पड़ता सत्यता का प्रूफ भगवान समय पर जरूर दे देता है माता सीता के जन्म उत्सव के दिन आज सिख कर सभी को जाना है, ब्रह्मा जी ने झूठ बोला तो उसका सिर कट गए हिरण्यकश्यप ने पहलाद के वचन पर विश्वास नहीं किया था उसका भी विनाश हो गया और सीता माता को भी पुरुफ देने के लिए धरती मा ने अपनी गोद में समा ली, इसलिए सत्यता को कभी भी प्रूफ नहीं देना चाहिए।

त्याग से सुख मिलता है जितने शिव भक्त शिव पुराण की कथा में धक्के खाए हैं उसे जिंदगी में कभी धक्के खाना नहीं पड़ेगा त्यागने में सुख मिलता है और संग्रह में दुख मिलता है। पंडित प्रदीप मिश्रा जी ने कथा प्रसंग में आगे कहा कि शिव की निंदा करने वाले के घर में दिया जलाने वाला भी नहीं बचता इसलिए शिव पुराण की कथा कहती है किसी की निंदा नहीं करना चाहिए और ना ही शिव भक्तो की निंदा करनी चाहिए। शिव शंकर भोलेनाथ पर दृढ़ विश्वास करके भक्ति धारण चाहिए।

### भगवान रामजी ने वन गमन पथ पर शिव लिंग स्थापना की

पंडित मिश्रा जी कथा प्रसंग में आगे कहा कि जहां-जहां रामजी वन गमन पथ पर गए वह वहां पर भगवान भोलेनाथ शिव शंकर की शिवलिंग की स्थापना की और एकांतेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की गई। जप हर हर भोला महादेव की सुंदर भजनों की मीठी मीठी तालियों के साथ छत्तीसगढ़ में भजन गाया गया।

# दुर्गेश साहू बने प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ नए प्रदेश संयोजक पवन साहू नियुक्ति किये जाने उपरांत कार्यकारणी का दूसरे बार विस्तार प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू व अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष संदीप साहू के अनुशंसा से प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्ति में निवासी सरपंच ग्राम पंचायत अकरजन खैरागढ़ व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी दुर्गेश साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति दी गई।



दुर्गेश साहू के नियुक्ति पर टीलेश्वर साहू अध्यक्ष जिला साहू खैरागढ़, उपाध्यक्ष लीला साहू जिला साहू संघ रामा साहू सहसंयोजक, नारायण साहू, मनोहर साहू, अमरनाथ साहू, पूर्व महामंत्री जिला साहू संघ राजनांदगांव, पाल साहू अध्यक्ष तहसील खैरागढ़ सचिव मोहन साहू महेंद्र साहू सुरेश साहू नुतन साहू लेखराम साहू यादराम साहू सचिव कुकुरमुडा मंडल तेजराम साहू कुकुरमुडा मंडल अध्यक्ष लेखराज साहू एवंन साहू करमतरा मंडल अध्यक्ष जगेशवार साहूयशोदा नीलांबर वर्मा विधायक खैरागढ़, जिला भाजपा अध्यक्ष व तहसील साहू संघ संरक्षक घम्मन साहू शकुंतला साहू विधायक कसडोल, नरेंद्र सेन जिला उपाध्यक्ष, सुमित जैन एनएसयूआई अध्यक्ष, पूरन सारथी पूर्व एल्डरमैन रवि गहने आकाश सारथी, दानी कुमार जंघेल शुभम सिंह सोनू ढीमर ने दुर्गेश साहू को नियुक्ति पर बधाई दी।

प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश साहू ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, केन्दीय जिला सहकारी बैंक दुर्ग अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, जिला साहू संघ राजनंदगॉव उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक पवन साहू, सलाहकार प्रेमकिशन साहू को अपनी नियुक्ति पर सभी आभार व्यक्त व धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आदर्श बौद्ध महासभा ने दी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर के आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार के तत्वाधान में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें 26 अप्रैल को दंतेवाड़ा के अरणपुर क्षेत्र में हुए माओवादी हमले में 11 वीर जवान सैनिक शहीद हो गए. कार्यक्रम में सर्वप्रथम धर्मगुरु भंते आनंद बोद्धि एवं भिखुनी माताजी के मार्गदर्शन में वीर शहीदों को नमन करते हुए दीप प्रज्वलित कर 2 मिनट का मोन रखा गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई.



इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, अमिताभ दुफारे, एस.जी. मेश्राम, रोहित टेम्भूकर, संतोष सहारे, चोखान्द्रे, सिद्धार्थ नागदेवे, मिलन टेम्बुलकर, नलिनी मेश्राम, धम्म कीर्ति नंदेश्वर गरीबदास गड़पायले, मुकेश कांडे, मनीष बड़ोले, हीरालाल मोर्य, दीपक ऊके, अमन जनबन्धु, सहित चंद्रशेखर साखरे, बादल वालदे, चन्द्रशेखर बोरकर, अमित मेश्राम, लोकेश इंदुलकर, कुंदन भिवगड़े, गौतम बंसोड़, सावन टेम्बुलकर, मिलिंद वैध, मिलिंद मेश्राम सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक एवं उपासिकाये उपस्थित थे.

## भ्रम में डालकर मोटर सायकल उड़ाया चोर ने

डोंगरगढ़ (दावा)। फूल व्यवसाई को भ्रम में डालकर ग्राहक बंद कराने वाले व्यक्ति द्वारा दुकानदार की ही मोटर साइकिल चोरी करके ले गया। जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी द्वारा दर्ज कराई गई है. छीरपानी निवासी प्रार्थी राहुल भौमिक ने बताया कि उनका सुमीत बाजार डोगरगढ के पास मेरा स्वयं का फुल का दुकान है. 25 अप्रैल को लगभग 10 बजे मुझे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाडी को फुल से सजाने के लिये मुझे रूपये देने के लिये मेरे फूल दुकान से मेरे मोटर सायकल होण्डा एसपी साईन क्रमांक सीजी-08/एएल-0236 में बैठाकर चलाते हुये गया और महावीर तालाब के सामने गोल बाजार रोड आलू प्याज दुकान के पास डोंगरगढ़ में दुकान से चिल्हर मांगने की बात कहकर रोक दिया. मेरे मोटर सायकल में चाबी लगा हुआ था. पुनः तुरंत पलट कर देखा तो मेरी मोटर सायकल को चालू करके भाग गया मै आवाज दिया रूका नही. अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी मोटर सायकल होण्डा एसपी साईन कीमती लगभग 20,000 रूपये को चोरी कर ले गया है. पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया.

# चारधाम यात्रा 2023 : श्रद्धालुओं के लिए मौसम बड़ी चुनौती, शाम को माइनस 3 डिग्री तक पहुंच रहा तापमान

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। उत्तराखंड में एक ओर मौसम की मनमर्जियां जारी हैं। तो दूसरी ओर चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं के लिए मौसम बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। धाम में लगातार बर्फबारी हो रही है।

बर्फबारी की वजह से धाम में शाम को तापमान माइनस तीन डिग्री तक पहुंच जा रहा है। जिस कारण पैदल मार्ग और धाम में श्रद्धालुओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने भी आगामी तीन मई तक चारधाम में बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। रुद्रप्रयाग पुलिस-प्रशासन ने भी लोगों से अपील है कि वो मौसम का मिजाज देखकर ही आगे बढ़ें। बाबा केदार के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं से सरकार ने निवेदन किया है कि वो एक मई के बाद का ही अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। क्योंकि एक मई के लिए करीब 30 हजार लोगों ने बाबा केदार के दर्शन करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

बर्फबारी के बाद केदारनाथ धाम में लगातार तापमान में गिरावट देखी जा रही है, जिससे यहां पर ठंड काफी बढ़ गई है, जिसका असर बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। केदारनाथ धाम में अभी तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। इन तीर्थयात्रियों की मौत का कारण ठंड और ऑक्सीजन की कमी के कारण हार्टअटैक आना ही बताया जा रहा है। शाम के समय तो तापमान माइनस 3 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में यात्रियों को कहीं न कहीं दिक्कतें हो रही हैं। अभी तक दो हजार से अधिक यात्रियों का ट्रीटमेंट किया गया है।

रुद्रप्रयाग पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा भदाणे ने कहा कि मौसम को देखते हुए यात्रा का संचालन किया जा रहा है। सोनप्रयाग में रजिस्ट्रेशन चेक करने के बाद यात्रियों को आगे भेजा जा रहा है। सुबह चार बजे से गौरीकुंड बैरियर यात्रियों के लिये केदारनाथ धाम जाने के लिये खोला जा रहा है।

जिला प्रशासन के मुताबिक बीते पांच दिनों में 70 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके है। वहीं यात्रियों की भीड़ के कारण सोनप्रयाग में लंबा जाम लग जा रहा है। धाम में मौसम खराब होने के कारण तीर्थयात्रियों को सुबह 10 बजे तक ही सोनप्रयाग से आगे के लिए भेजा जा रहा है। आपको बता दें कि सोनप्रयाग से ही यात्रियों को शटल सेवा के जरिये गौरीकुंड के लिये भेजा जा रहा है। गौरीकुंड से ही केदारनाथ धाम के लिए 16 किमी की लंबी खड़ी चढ़ाई शुरू होती है।

सोनप्रयाग और गौरीकुंड बैरियर सुबह चार बजे खोले जा रहे हैं। गौरीकुंड बैरियर को इन दिनों मौसम खराब होने के कारण दोपहर 12 बजे बंद किया जा रहा है। धाम जाने वाले यात्रियों को सुबह दस बजे से पहले सोनप्रयाग पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन चेक करवाकर आगे की यात्रा करनी होगी। यदि मौसम खराब रहता है। और यात्री दस बजे बाद सोनप्रयाग पहुंचते हैं। तो उन्हें यात्रा करने के लिये एक दिन का इंतजार और करना पड़ सकता है.

# कल से उर्स मुबारक : मुराद आतिश मुंबई की कव्वाली



बालोद (दावा)। हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा चांदशाह वली र.अ.का 41 वां उर्स मुबारक रेलवे फाटक बालोद में बड़े शानो शौकत से 1 मई से शुरू होगा।

पहले दिन संदल चादर व मिलाद शरीफ रात्रि 8 बजे से रखा गया है। 2 मई मंगलवार रात्रि 9 बजे से हिदुस्तान के मशहूर



कव्वाल व गायक मुराद आतिश मुंबई का कव्वाली का शानदार प्रोग्राम रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिये कौमी एकता उर्स कमेटी अध्यक्ष अकबर तिगाला ने समस्तजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

# घर-घर, गांव-गांव, हम सुनेंगे मन की बात -किरण वैष्णव

छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व आमजनों से आगामी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 'मन की बात' कार्यक्रम को अधिक से अधिक सुनने की अपील की है।

**जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव बुथ न.32 में कार्यकर्ताओं के साथ मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुनेगी**



श्रीमती वैष्णव ने कहा कि में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के बुथ क्रमांक 32 में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात को कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ सुनुगी। मन की बात कार्यक्रम का यह 100 वां एपिसोड है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'मन की बात' का ये अनुभव देशवासियों से इस तरह का भावनात्मक जुड़ाव केवल रेडियो से ही संभव था।मैं इसके जरिए देश वासियों के सामर्थ्य से जुड़ा रहा हूं,देश की सामूहिक कर्तव्य शक्ति से जुड़ा रहा हूं। श्रीमती वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुनकर नई नई जानकारी व अनुभव मिलती है। अबकी बार मन की बात पर 100 रूपये का स्पेशल सिक्का भी जारी किया जायेगा।

जिस पर मन की बात 100 अंकित होगा।मैं आप सभी कार्यकर्ताओं व खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील करती हूं कि आप सभी 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को जरूर सुने एवं इस ऐतिहासिक पल का साक्षी अवश्य बने।

# आरपीएल कार्यक्रम तहत ग्राम पेण्ड्री में सिलाई प्रशिक्षण दिया गया

राजनांदगांव (दावा)। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा संचालित आरपीएल कार्यक्रम के तहत ग्राम पेण्ड्री ब्लॉक डोंगरगढ़ में सिलाई करने वाले (टेलर) लोगों का छह दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया जिसमें आसपास गांव के टेलर लोगों को मिलाकर कुल 30 टेलरों ने भाग लिया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तरफ से मास्टर ट्रेनर श्रीमती चितरेखा साहू द्वारा सिलाई के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया गया और नये-नये डिजाइन जैसे टॉप, गरारा-शरारा, सूट, डिजाइनदार ब्लाउज, पैजामा, चूड़ीदार, बैग-पाउच के बारे में बताया गया।

सिलाई सीखने आयी श्रीमती अनिता, सावित्री, डिगेश्वरी, गायत्री व धनेश्वरी ने बताया कि हमें इस प्रशिक्षण शिविर में बहुत सी नई-नई जानकारियां सीखने को मिली। प्रथम संस्था की ओर से प्रतिभागियों का एंटाईटलमेंट के माध्यम से छत्तीसगढ़ असंगठित मजदूर कार्ड के



लिए आवेदन किया गया तथा उन्हें राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संस्था की ओर से चलाये जा रहे निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के बारे में भी बताया गया जिसके अंतर्गत 18 से 30 वर्ष तक के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में (इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, प्लंबिंग, ब्यूटीशियन, हॉस्पिटैलिटी, ऑटोमोटिव 2-4 व्हीलर , नर्सिंग, ड्राइफॉर सीलिंग) कौशल प्रदान कर उन्हें 100 प्रतिशत तक रोजगार भी दिया जाता है। इस सफल प्रशिक्षण को देखते हुए आगामी माह में गांव की ही लड़कियों के लिए गैर आवासीय रूप में (कम्युनिटी बेस) मल्टीफंक्शनल ऑफिस असिस्टेंट का प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। प्रशिक्षण में मेंटर प्रदीप सिन्हा, सुभाष डोंगरे, श्रुती नायक व बिलासपुर क्लस्टर हेड दिनेश सारथी उपस्थित रहे।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर 1 मई को वार्ड नं. 42 व 43 में, 2 मई को वार्ड नं. 41 व 46 में एवं 3 मई को वार्ड नं. 40 व 48 मे शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जनवरी एवं फरवरी का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 17 अप्रैल 2023 से 12 मई 2023 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 1 मई को राजीव वार्ड नं. 42 के लिये क्लब चौक मितन कार्यालय राजीव नगर में व सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगन बाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास, 2 मई को बसंतपुर वार्ड नं. 46 के लिये हनुमान मंदिर बसंतपुर में व झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में एवं 3 मई को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा।

निगम आयुक्त अभिषेक कुमार गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोरोना वायरस संक्रमण को ध्यान में रखते हुये मास्क लगाकर, सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# हिसाब बराबर, सनराइजर्स हैदराबाद को मिली तीसरी जीत, दिल्ली कैपिटल्स ने लगाया हार का सिक्सर

ाााानई दिल्ली। सनराइसर्ज हैदराबाद ने दिल्ली को उसके घर में घुसकर छठी हार को मजबूर कर दिया. आईपीएल का 40वां मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया जहां एडेन मार्करम की टीम डेविड वॉर्नर की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स टीम पर भारी पड़ी. 198 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स टीम 6 विकेट पर 188 रन ही बना सकी. दिल्ली को 9 रन से हार का सामना करना पड़ा. मौजूदा सीजन में 8 मैचों में हैदराबाद की यह तीसरी जीत है. दिल्ली की ओर से मिचेल मार्श ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया. उन्होंने पहले गेंदबाजी में 4 विकेट लिए. इसके बाद बैटिंग में उन्होंने 39 गेंदों पर 63 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने कप्तान डेविड वॉर्नर का विकेट पहली गेंद पर गंवा दिया. वॉर्नर को भुवनेश्वर कुमार ने जीरो के निजी स्कोर पर बोल्ड किया. फिल साल्ट और मिचेल मार्श ने दूसरे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की. साल्ट 35 गेंदों पर 59 रन बनाकर आउट हुए वहीं मार्श ने 63 रन की पारी खेली. सरफराज खान 9 और मनीष पांडे एक रन बनाकर आउट हुए. हैदराबाद की ओर से मयंक मारकंडे ने दो विकेट लिए जबकि भुवी, अकील, नटराजन और अभिषेक वर्मा ने एक एक विकेट लिया. दिल्ली ने पिछले मैच में हैदराबाद को उसके घर में जाकर हराया था. ऐसे में अब हैदराबाद ने दिल्ली से पिछली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया. दोनों के बीच आईपीएल में ओवरऑल यह 23वां मैच था.



हैदराबाद ने 12 और दिल्ली ने 11 मैच जीते हैं.

### अभिषेक शर्मा ने 67 रन की पारी खेली

इससे पहले ओपनर अभिषेक शर्मा की 36 गेंद में 67 रन और हेनरिक क्लासेन की 27 गेंद में नाबाद 53 रन की पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने 6 विकेट पर 197 रन बनाए. अभिषेक ने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि क्लासेन ने दो चौके और चार छक्के जड़े. टीम के लिए अब्दुल समद ने 21 गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाए.

### मिचेल मार्श ने 4 विकेट लिए

दिल्ली कैपिटल्स के लिए मिचेल मार्श ने चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट लिए. इशांत शर्मा और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली. अभिषेक शर्मा ने इशांत शर्मा के पहले ओवर में लगातार दो चौके लगाये लेकिन इस गेंदबाज ने तीसरे ओवर में मयंक अग्रवाल ( छह गेंद में पांच रन) को आउट कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई. राहुल त्रिपाठी (10 रन) ने मुकेश कुमार के खिलाफ चौथे ओवर में विकेटकीपर के ऊपर से छक्का लगाया लेकिन अगले ओवर में मिचेल मार्श की गेंद पर मनीष पांडे को कैच दे कर पवेलियन लौटे.

### अभिषेक ने इशांत की गेंदों पर लगातार 4 चौके जड़े

अभिषेक ने छठे ओवर में इशांत के खिलाफ लगातार चार चौके जड़े जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर 2 विकेट पर 62 रन हो गया। अगले ओवर में एनरिच नोर्किया ने कप्तान एडेन मार्करम (8 रन) का आसान कैच टपका दिया और अगली गेंद पर अभिषेक ने छक्के के साथ 25 गेंद में सत्र का पहला और आईपीएल करियर का तीसरा अर्धशतक पूरा किया. मार्श ने 10वें ओवर में बिना रन दिए मार्करम और हैरी ब्रुक्स (शून्य) को आउट कर दिल्ली को दोहरी सफलता दिलाई. दोनों बल्लेबाज छक्का लगाने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर अक्षर पटेल को कैच दे बैठे.

## संक्षिप्त खबरें...

### चार लोगों की हत्या के दोषी को मिली 240 साल की जेल

न्यूयार्क: अमेरिका के इंडियानापोलिस में चार लोगों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को



240 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, फरवरी 2020 में हुई घातक गोलीबारी की घटना में तीन युवकों-मार्सेल विल्स (20), ब्रेक्सटन फोर्ड (21), जालन रॉबर्ट्स और एक युवती किमारी हंट (21) की मौत हो गई थी। इस मामले में लेसन वाटकिंस को हत्या और डकैती के परिणामस्वरूप गंभीर शारीरिक चोटें पहुंचाने के अपराध में मार्च में दोषी करार दिया गया था।

मैरियन काउंटी के अभियोजक रेयान मियर्स ने समाचार विज्ञप्ति में कहा, ÷2020 में हुई इस घटना ने सभी को दहला दिया था।÷ पिछले महीने वाटकिंस के साथ दोषी ठहराए गए कैमरन बैंक्स और डेसमंड बैंक को 220-220 साल की सजा सुनाई गई थी, जबकि एक चौथे आरोपी रॉड्रिएंस एंडरसन को पिछले अक्टूबर में लूट के चार मामलों में दोषी ठहराया गया था। उसे पांच साल की निलंबित सजा के साथ कुल 35 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

### किम जोंग उन की बहन ने 'जो बाइडेन बूढ़े, गलत अनुमान लगाने वाले बताया

नई दिल्ली। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच हुए नए समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उनका देश अब अपनी सैन्य शक्ति का और अधिक प्रदर्शन करेगा. उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पर निजी हमले भी किए. बता दें दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच यह समझौता उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों से निपटने के लिए हुआ है.

सरकारी मीडिया में प्रसारित जोंग की टिप्पणियों में कहा गया है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच हुए समझौते ने उत्तर कोरिया के खिलाफ उनकी 'सबसे शत्रुतापूर्ण और आक्रामक कार्रवाई की मंशा'को दर्शाया है. यह समझौता क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा को 'और अधिक गंभीर खतरे' में धकेल देगा. उन्होंने ने कहा कि इस शिखर वार्ता ने अपनी परमाणु हथियार क्षमताओं को और बढ़ाने के उत्तर कोरिया के दृढ़ संकल्प को और मजबूत किया है.

जोंग ने परमाणु हमले की स्थिति में उत्तर कोरिया का अंत किए जाने संबंधी बाइडन की चेतावनी को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति की आलोचना की और उन्हें 'बूढ़ा' और 'बहुत गलत अनुमान लगाने वाला एवं गैरजिम्मेदाराना रूप से बहादुर' व्यक्ति बताया.

बहरहाल, जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया बाइडन के बयान को ''किसी व्यक्ति द्वारा सनक में की गई बेतुकी टिप्पणी' कहकर खारिज नहीं करेगा.

### सुल्तान अल-नेयादी बने पहले अरब अंतरिक्ष यात्री

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अंतरिक्ष यात्री सुल्तान अल-नेयादी अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाले पहले



अरब नागरिक बन गए हैं. अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) से बाहर उनकी ऐतिहासिक स्पेसवॉक लगभग सात घंटे तक चली. अल-नेयादी ने नासा के फ्लाइट इंजीनियर स्टीफन बोवेन के साथ स्पेसवॉक की. इस दौरान, दोनों ने कई कार्यों को सफलतापूर्व अंजाम दिया, जिनमें पावर केबल को क्रमबद्ध करना भी शामिल था. स्पेसवॉक से पहले अल-नेयादी और बोवेन दो घंटे की 'ऑक्सीजन पर्जिंग' की प्रक्रिया से गुजरे, जिसके तहत उनके शरीर में ऑक्सीजन गैस का प्रवाह किया गया और नाइट्रोजन गैस बाहर निकाली गई, ताकि शून्य गुरुत्वाकर्षण में उन्हें कोई खतरा न हो. इसके बाद, वॉरेन होबर्ग और फ्रैंक रुबियो ने स्पेससूट पहनने में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की मदद की, जो अपने आप में एक बड़ा काम है. अल-नेयादी और बोवेन को स्पेससूट और अन्य प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट पहनने में एक घंटे का वक्त लगा. दो मार्च को फ्लोरिडा के केप केनवेरल से अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले अल-नेयादी जल्द ही अंतरिक्ष में दो महीने का समय पूरा करने वाले हैं.

## अभिलाष टॉमी ने रचा इतिहास, गोल्डन ग्लोब रेस में हासिल किया दूसरा स्थान

फ्रांस। भारतीय नौसेना के एक पूर्व कमांडर अभिलाष टॉमी ने गोल्डन ग्लोब रेस जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। ये दुनिया की सबसे कठिन सोलो नॉन-स्टॉप रेसों में से एक मानी जाती है। अभिलाष ने आज यानि 29 अप्रैल को फ्रांस के लेस सेबल्स डी ओलोंने में अपनी ये रेस पूरी की। बता दें कि पहले स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के नाविक कर्स्टन न्यूसचफर रहे।



वैसे ये पहला मौका नहीं है जब अभिलाष इस रेस में हिस्सा ले रहे है। इससे पहले वर्ष 2018 में भी उन्होंने गोल्डन ग्लोब रेस में हिस्सा लिया था, जो उनके लिए काफी खतरनाक साबित हुआ था। उस समय लगभग अभिलाष मौत के मुंह में चले गए थे। उन्हें कुछ ऐसी चोट लगी थी जो उन्हें लकवा का शिकार बना सकती थी। सेवानिवृत्त नौसेना कमांडर अभिलाष ने 22 मार्च, 2022 को गोल्डन ग्लोब रेस 2022 में हिस्सा लेने की घोषणा की थी। बता दें कि ये रेस 4 सितंबर, 2022 को शुरू हुआ था, जो आज जाकर खत्म हुआ है। रेस में हिस्सा लेने की घोषणा करते हुए अभिलाष ने कहा, %मैं बयानात पर गोल्डन ग्लोब रेस 2022 में भाग लूंगा। यह मेरे लिए एक बड़ी बात है और इसका कारण है यह। 18 सितंबर 2018 को, मैं दक्षिण हिंद महासागर में रेस लगा रहा था जब हम एक असामान्य तूफान में फंस गए थे।

## लखनऊ सुपर जायंट्स का ट्विटर अकाउंट हुआ मार्कस स्टोइनिस के नाम

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 के 38वें मैच में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को 56 रन से हरा दिया। इस मैच में लखनऊ ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। लखनऊ की ओर से ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस हाई स्कोरर रहे। उन्होंने 40 गेंद में 72 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। अपनी पारी में स्टोइनिस ने 6 चौके और 5 छक्के लगाए। लखनऊ की जीत में स्टोइनिस का अहम योगदान रहा।

मार्कस स्टोइनिस को उनकी विस्फोटक पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया। इसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स फ्रेंचाइजी की ओर से भी स्टोइनिस को विशेष सम्मान मिला। दरअसल, फ्रेंचाइजी के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट को अब मार्कस स्टोइनिस का फैन पेज बना दिया। फ्रेंचाइजी की सोशल मीडिया टीम की ओर से यह फैसला लिया गया। स्स्त्र ने अपने ट्विटर बायो को बदल दिया है। फ्रेंचाइजी के ट्विटर बायो में अब लिखा है, यह एक मार्कस स्टोइनिस फैन पेज है।

## सीईओ रवींद्रन बायजू के घर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को कहा कि उसने एडटेक की बड़ी कंपनी बायजूस के सीईओ रवींद्रन बायजू के बेंगलुरु स्थित कार्यालय और आवासीय परिसर पर छापे मारे तथा वहां से आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजीटल डेटा जब्त किया।




ईडी ने एक बयान में बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत हाल में कुल तीन परिसरों-दो कारोबारी और एक रिहायशी परिसर पर छापे मारे गए। जांच एजेंसी ने बताया कि उसने विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजीटल डेटा जब्त किए हैं। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई कुछ लोगों से मिली विभिन्न शिकायतों के आधार पर की गई। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि रवींद्रन बायजू को कई समन भेजे गए, लेकिन वह बचते रहे और कभी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए।

तलाशी के दौरान पाया गया कि रवींद्रन बायजू की कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड को 2011 से 2023 के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के तहत करीब 28,000 करोड़ रुपये मिले। एजेंसी ने कहा कि कंपनी ने भी इस अवधि के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नाम पर विभिन्न विदेशी प्राधिकारों को करीब 9,754 करोड़ रुपये भेजे।

## केकेआर के एहसान को याद कर भावुक हुए रसेल

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स का इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में अब तक का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। केकेआर ने सात में से तीन में जीत हासिल की है। नीयमित कप्तान श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में नीतीश राणा टीम की कमान संभाल रहे हैं। टीम के विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल टच में नहीं दिख रहे हैं। रसेल ने 8 मैचों में अब तक 18 की खराब औसत से सिर्फ 108 रन ही बनाए हैं।



हालांकि, रसेल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ टीम के पिछले मैच में पहली बार चार ओवरों का अपना पूरा कोटा फेंका, जिसमें 29 रन देकर दो विकेट लिए। रसेल पिछले कई वर्षों में केकेआर के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। 2014 से फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा रहे रसेल ने टूर्नामेंट में अपनी विस्फोटक हिटिंग के लिए अपना नाम बनाया है। 2019 संस्करण में रसेल ने 204.81 की शानदार स्ट्राइक रेट से 510 रन बनाए। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में रसेल अपने घुटने के साथ संघर्ष कर रहे हैं

स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में रसेल ने केकेआर के साथ अपने रिश्ते पर बात की। रसेल ने कहा पिछले कुछ साल में मेरे लिए केकेआर ने काफी कुछ किया। वे मुझे मेरे घुटनों पर उचित उपचार कराने के लिए भेजते हैं। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह कुछ खास है। कोई अन्य फ्रेंचाइजी या यहां तक कि मेरा देश वास्तव में मुझ पर इतना निवेश नहीं करता है।'

## पुजारा ने तोड़ा वसीम जाफर का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। जहां एक ओर टीम इंडिया के खिलाड़ी आईपीएल खेलने में व्यस्त हैं तो वहीं दूसरी ओर एक खिलाड़ी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से पहले ताबड़तोड़ रन ठोक रहा है। बात चेतेश्वर पुजारा की, जो इन दिनों इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप में अपने बल्ले से कहर बरपा रहे हैं। पुजारा ने इंग्लैंड की ससेक्स टीम के लिए खेलते हुए एक बार फिर शानदार शतक ठोक डाला। उन्होंने सिर्फ 12वें मैच में 7वां काउंटी शतक जमाकर बड़ा कमाल किया।

इस शतक के साथ पुजारा का नाम रिकॉर्डबुक में दर्ज हो गया। उन्होंने वसीम जाफर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने फर्स्ट क्लास में 57 सेंचुरी जमाई थी। वह सर्वाधिक प्रथम श्रेणी शतक वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। उनके नाम 58 एफसी शतक दर्ज हो गए हैं।

## सेबी ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग और उसके प्रमोटर पर लगाया सात साल का बैन

नई दिल्ली। मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड और उसके प्रमोटर कोमांदुर पार्थसारथी को 7 साल के लिए सिक्योरिटीज मार्केट में में हिस्सा लेने से बैन कर दिया है. इसके साथ ही उन पर 21 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है.



**21 करोड़ रुपये का लगा जुर्माना**

सेबी ने शुक्रवार को जारी आदेश में कहा कि ग्राहकों की सिक्योरिटीज को गिरवी रखकर जुटाई गई राशि को केएसबीएल ने अपने समूह की फर्मों- कार्वी रियल्टी इंडिया लिमिटेड और कार्वी कैपिटल लिमिटेड में भेज दिया था. फंड को दूसरी फर्मों के पास भेजने का दोषी पाए जाने पर सेबी ने केएसबीएल और पार्थसारथी पर सात साल के लिए बैन लगाने का फैसला किया है. इसके अलावा शेयर ब्रोकिंग फर्म पर 13 करोड़ रुपये और उसके प्रमोटर और एमडी पर 8 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है.

कोमांदुर पार्थसारथी को सेबी ने किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में प्रमुख प्रबंधकीय पद संभालने के लिए 10 वर्षों तक अयोग्य भी घोषित कर दिया है. वहीं , इस मामले के समय केएसबीएल के डायरेक्टर रहे भगवान दास नारंग और ज्योति प्रसाद को दो साल के लिए पद संभालने से प्रतिबंधित किया गया है. इसके अलावा मार्केट रेगुलेटर ने केएसबीएल की तरफ से भेजे गए 1,442.95 करोड़ रुपये लौटाने का निर्देश भी कार्वी रियल्टी और कार्वी कैपिटल को दिया है.

***पीएम मोदी बोले - थकी-हारी कांग्रेस....***

और भ्रष्टाचारियों को मिला। असली लाभार्थी तक तो उसका हक पहुंचा ही नहीं था। कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने कहा था कि केंद्र से 1 रुपया भेजते हैं तो सिर्फ 15 पैसा पहुंचता है मगर 85 प्रतिशत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। कर्नाटक की माताओं-बहनों और बेटियों ने कांग्रेस सरकार की लापरवाही और अनदेखी की वजह से सबसे ज्यादा तकलीफें झेली हैं। कांग्रेस ने कभी महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके रोजगार की चिंता नहीं की। पीएम ने कहा, मुझे यकीन है कि कर्नाटक की जनता थकी और हारी कांग्रेस को नहीं बल्कि जोश से भरी भाजपा की टीम को अवश्य चुनने वाली है। कांग्रेस के एक नेता अपनी सेवानिवृत्ति के नाम पर वोट मांग रहे। उन्होंने कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस के एक नेता अपनी सेवानिवृत्ति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। यह उनका सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा है। यह मेरा आखिरी चुनाव है। मुझे एक मौका दीजिए। पीएम ने कहा वे कितनी दयनीय स्थिति में पहुंच गए हैं!

***गैंगस्टर केस में मुख्तार अंसारी को 10...***

दिखाई होती तो आज ऐसे दिन नहीं देखने पड़ते. इसके अलावा उन्होंने मूल केस (कृष्णानंद राय हत्याकांड) पर बताया कि इस केस में हाई कोर्ट में सुनवाई शुरू हो चुकी है.

**राय के काफिले पर चली थीं 500 राउंड गोलियां :** गाजीपुर में 29 नवंबर 2005 को मोहम्मदाबाद से तत्कालीन बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय सहित कुल 7 लोगों को गोलियों से छलनी कर दिया गया था. चुनावी रंजिश के कारण इस हत्या को अंजाम दिया गया था. इस हत्याकांड में मुख्तार अंसारी और अफजाल को आरोपी बनाया गया था. दरअसल अंसरी ब्रदर्स के प्रभाव वाली मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट पर 2002 में अफजाल अंसारी को हराकर कृष्णानंद राय ने जीत हासिल की थी. कृष्णानंद राय की हत्या उस समय की गई, जब वह भांवरकोल ब्लॉक के सियाड़ी गांव में आयोजित एक स्थानीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि बुलाए गए थे. जब वह मैच का उद्घाटन कर वापस आ रहे थे, तभी बसनिया चट्टी के पास घात लगाए हमलावरों ने कृष्णानंद राय के काफिले पर एके-47 से 500 राउंड फायर झोंक दिए थे.

**अपहरण कर मांगी गई थी 5 करोड़ की फिरौती :** जनवरी 1997 में कोयला व्यापारी और वीएचपी कोषाध्यक्ष नंदकिशोर रूंगटा का उसके घर से अपहरण कर फिर हत्या की गई थी. जानकारी के मुताबिक रूंगटा के परिवार से 5 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई थी. परिवार ने 1.5 करोड़ भी दे दिए थे लेकिन बाद में रूंगटा की हत्या कर दी गई थी. इस मामले में मुख्तार अंसारी पर आरोप लगा था. इस

## शेष पृष्ठ प्रथम

मामले में उन पर गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया था.

***अपराधी बनकर नहीं दूंगा कुश्ती....***

कि इस पूरे विवाद के पीछे किसका हाथ है। मैं शुरू से कह रहा हूं कि इसमें एक उद्योगपति और कांग्रेस का हाथ है। इन्हें मुझसे कष्ट है। उन्होंने सवाल किया, जब मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो गई तो अब पहलवान क्यों धरने पर बैठे हैं? बृजभूषण ने कहा, वे लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्रालय के खिलाफ क्यों बोल रहे हैं? यह खिलाड़ियों का धरना नहीं, षड्यंत्रकारियों का धरना है। हम बहाना हैं, निशाना हमारे ऊपर कहीं है। बृजभूषण ने कहा, महिला पहलवानों की सभी मांगें मान ली गई हैं। मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, फिर भी वे धरने पर बैठे हैं। क्यों? उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और महासंघ के अध्यक्ष के चुनाव के साथ अपने आप ही इस्तीफा हो जाएगा। नए चुनाव तक वह सिर्फ कार्यवाहक की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सवाल दागा कि यदि वे पिछले 12 साल से खिलाड़ियों का यौन शोषण कर रहे थे, तो वे आज तक कभी पुलिस स्टेशन, फेडरेशन अथवा सरकार के पास शिकायत लेकर क्यों नहीं गए? सीधा जंतर-मंतर पर धरना देने क्यों पहुंच गए। पहलवानों के धरना प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित और साजिश बताते हुए भाजपा सांसद ने दावा किया कि उन्होंने जांच समिति को एक ऑडियो सौंपा है, जिसमें एक शख्स किसी से कह रहा है कि एक लड़की की व्यवस्था कर दो, उसे (बृजभूषण को) फंसाने के लिए। बृजभूषण ने दावा किया कि पूरा हरियाणा और यूपी का अखाड़ा उनके साथ है और सिर्फ एक परिवार का अखाड़ा ही उनके खिलाफ है।

***पांच महिला अधिकारी सेना की तोपखाना....***

बात का प्रतीक है कि सेना में बड़े स्तर पर बदलाव और सुधार किए जा रहे हैं। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने इस वर्ष जनवरी में कहा था कि महिला अधिकारियों को तोपखाना रेजिमेंट में कमीशन देने का निर्णय ले लिया गया है।

***एटीआर में छोड़ी गई आदमखोर बाघिन : 2 युवकों....***

वाइल्डलाइफ और अचानकमार डीएफओ विष्णु नायर समेत एटीआर प्रबंधन के कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

**एटीआर में अब 6 बाघ :** बता दें कि अचानकमार टाइगर रिजर्व के अंदर अब बाघों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। इसके पहले यहां पर 5 बाघ थे, जिसमें से 2 नर और 3 मादा थे। एक मादा बाघिन की संख्या बढ़ने से आने वाले समय में जंगल में बाघों के कुनबे में वृद्धि की संभावना भी जताई जा रही है।

**2 बाघिन लाने की चल रही तैयारी :** एटीआर के डीएफओ विष्णु नायर ने बताया कि आने वाले नवंबर, दिसंबर में अचानकमार टाइगर रिजर्व के अंदर 2 बाघिन को लाने की तैयारी चल रही है। इसे लेकर शासन स्तर पर प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है, ऐसे में आने वाले समय में एटीआर के अंदर बाघों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

***सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने जताई उम्मीद,....***

मूल्यांकन सूची के लिए लगभग 74 प्रतिशत अधिसूचना के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश एफडीआई सीमा में वैधता अवधि में वृद्धि। उन्होंने कहा कि आज हमारे रक्षा उद्योग पहले से ही रक्षा बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ निर्यात के लिए विभिन्न प्रकार के सैन्य हार्डवेयर का निर्माण कर रहे हैं। सीडीएस ने आगे कहा कि मेरा मानना है कि रक्षा विनिर्माण नया सूर्योदय क्षेत्र है, जो भविष्य में बड़ी वृद्धि का गवाह बनेगा।

***जम्मू कश्मीर में आतंकवाद का....***

था लेकिन इस बात को नजरअंदाज करने की कोशिश की गई कि आतंकी और हाइब्रिड आतंकी अन्य जिलों की ओर मुढ़ गए है। इनमें स्थानीय तौर पर प्रशिक्षण देकर तैयार किए गए हाइब्रिड आतंकी भी शामिल हैं। जो पहले पत्थरबाज के तौर पर आतंकियों को मौखिक समर्थन देते थे। पुलिस का मानना है कि ड्रोन द्वारा एलओसी और आईबी पार से हथियार व गोला बारूद इस ओर लाने में पाकिस्तानी ड्रोन लगातार कामयाब हो रहे हैं। उनका यह भी मानना था कि ऐसे कार्य के लिए अधिकतर मामलों में पाक सेना अब उन ड्रोनों का इस्तेमाल कर रही है जो न ही आवाज करते हैं और न ही उनमें लाइट जलती है। एक अधिकारी के बकौल, यह नई चुनौतियां बेहद खतरनाक माहौल पैदा कर रही हैं जिनसे निपटना फिलहाल मुश्किल हो रहा है।

***जेईई मेंस : 107 रैंक पाकर अखिलेश....***

तैयारी में जुटा हूं। आइआइटी में प्रवेश पाकर सर्वश्रेष्ठ इंजीनियर बनाना लक्ष्य है।

**पढ़ाई एक बार, रिविजन बार-बार, तब आए बेहतर अंक :** विराज लिल्हारे ने बताया कि देश के सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक जेईई को निकाल पाना बिना लगन और मेहनत के आसान नहीं रहता है। 11वीं से ही ठान लिया था कि जेईई परीक्षा अच्छे अंक के साथ निकालकर आइआइटी में प्रवेश लेना है। इसके लिए मैंन तैयारियां भी मन लगाकर की। स्कूल में पढ़ाई के साथ ही और अच्छी समझ के लिए मैंने कोचिंग ज्वाइन किया। यहां शिक्षक जो पढ़ाते उसे अच्छी तरह से घर जाकर फिर पढ़ता। वहीं पुराने प्रश्न पत्रों को भी हल करता रहा। शुरु से ही तैयारियां थी, इसलिए परीक्षा के दौरान सिर्फ रिविजन करना रहा। जेईई मेन में अच्छे अंक आए हैं। अब जेईई एडवांस की तैयारी कर रहा हूं। ताकि मुझे मेरे पसंद का आइआइटी संस्थान मिले।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में विराट कोहली करेंगे कप्तानी?

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल 7 जून को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। भारत लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनने जा रहा है। 25 अप्रैल को इस मेगा टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया था। इस टीम में कुछ खिलाड़ियों की वापसी हुई है। जबकि रोहित शर्मा टीम के कप्तान हैं। पिछली बार जब टीम इंडिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था तब विराट कोहली टीम के कप्तान थे, जहां भारत को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब टीम इंडिया के पूर्व कोच ने एक बड़ा खुलासा करते हुए एक बात कही है।



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा अगर किन्हीं कारणों से उपलब्ध नहीं रहते हैं तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जैसे बड़े मैचों में विराट कोहली को कप्तानी सौंपी जानी चाहिए। शास्त्री ने आगे कहा कि भारतीय टीम मैनेजमेंट को पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर स्थगित हुए आखिरी टेस्ट में कप्तानी के लिए कोहली को कहना चाहिए था चूंकि रोहित उस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे।

शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि ऐसे बड़े मैच के लिए मैं चाहूंगा कि रोहित फिट रहें क्योंकि वह कप्तान हैं। लेकिन अगर किन्हीं कारणों से वह नहीं खेल पाते हैं तो भारतीय टीम को उस दिशा में सोचना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि रोहित के नहीं खेलने पर क्या कोहली को टीम की कप्तानी करनी चाहिए। शास्त्री ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए भी ऐसा ही किया जाना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि रोहित के चोटिल होने पर मुझे लगा था कि विराट कप्तान होंगे। अगर मैं कोच होता तो यही सुझाव देता। मुझे यकीन है कि राहुल (द्रविड़) ने भी यही दिया होगा। मेरी उससे बात नहीं हुई है। विराट की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई थी। फाफ डु प्लेसिस के चोटिल होने के कारण कोहली इस समय आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तानी भी कर रहे हैं।

# जिला स्तरीय निःशुल्क विशाल जनस्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक लाभान्वित हो जनसामान्य : कलेक्टर

**कलेक्टर ने हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता वितरण, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन किसान न्याय योजना के हितग्राही को राशि अंतरण, बोरे-बासी दिवस, विशाल जनस्वास्थ्य शिविर की तैयारी की समीक्षा की**




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता वितरण, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन किसान न्याय योजना के हितग्राही को राशि अंतरण, श्रम दिवस को मनाए जाने वाले बोरे-बासी दिवस, डोंगरगांव में आयोजित होने वाले विशाल जनस्वास्थ्य शिविर के लिए अधिकारियों की तैयारी की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासन द्वारा 30 मई को बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को राशि का वितरण किया जाएगा। वही 1 मई को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन किसान न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि उनके खाते में अंतरित की जाएगी। इन सभी कार्यक्रम के चिन्हांकित हितग्राही जिले से रायपुर शामिल होने जाएंगे। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को व्यवस्था हेतु समन्वय करने के निर्देश दिए। 3 मई को गौठान समिति के सदस्य, पशुपालक, कोटवार, पटेल, होमगार्ड, स्वसहायता समूह की महिलाएं साईंस कॉलेज ग्राऊण्ड रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे। इसके लिए आवश्यक समन्वय करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी सिलसिले में श्रम दिवस के अवसर पर श्रमिकों का सम्मान करते हुए बोरे-बासी दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शनिवार 6 मई 2023 को जिला स्तरीय निःशुल्क विशाल जनस्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए पंडाल, टेंट, पेयजल, भोजन, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों से अपील कि है कि इस निःशुल्क विशाल जनस्वास्थ्य शिविर में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण अवश्य कराएं तथा यहां उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि शिविर में सभी मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जाँच, उपचार एवं परामर्श के साथ ही दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों के लिए भी स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कृत्रिम अंग की माप लेने के लिए दिव्यांगजनों के चिन्हांकन के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों को जाँच परीक्षण पश्चात निःशुल्क सर्टिफिकेट वितरण, नेत्र परीक्षण जाँच, उपचार एवं चश्मा वितरण, समान्य कैंसर की जाँच परीक्षण तथा ब्रेस्ट कैंसर एवं मुख कैंसर मरीजों की पहचान परामर्श एवं उपचार, बीपी व शुगर जाँच एवं उपचार, पैथोलॉजी अंतर्गत खून व पेशाब जाँच, दिव्यांगों के कृत्रिम अंग के लिए हाथ व पैर हेतु नाप एवं चिन्हांकन, मानसिक स्वास्थ्य, गर्भ धारण, मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग सेवायें, नशा मुक्ति जाँच एवं परामर्श, वॉकर एवं स्टिक वितरण तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं वितरण की सेवाएं दी जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जमकर बोरे बासी खाएं और सोशल मीडिया पर करें पोस्ट



**मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आम जनता से की अपील**

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम जनता से अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर बोरे बासी खाकर अपनी संस्कृति के गौरव मनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि पिछले साल हम लोगों ने एक मई को बोरे बासी तिहार मनाया था। इस बार भी बोरे बासी तिहार मनाएंगे। मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से ऐसे ही उत्साह के साथ इस बार भी बोरे बासी तिहार में शामिल होने का आग्रह करते हुए इसे सोशल मीडिया में शेयर करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने संदेश में कहा है कि यूं तो पूरी दुनिया में मेहनतकश लोगों के लिए एक मई की तारीख को मेहनत के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। हमारे प्रदेश में यह दिवस इसलिए और भी खास है, क्योंकि हमारा प्रदेश किसानों, आदिवासियों, मजदूरों का प्रदेश है। हमारे खेत, जंगल, खदान और कारखानों को हमारे पसीने से सीचकर खड़ा किए हैं, जो हमारी ताकत हैं। इन सभी जगहों पर अपना पसीना बहाने वाले लोगों ने ही प्रदेश को अपने कंधों में संभाल रखा है। इनके श्रम का सम्मान करने और श्रम का उत्सव मनाने हमने एक मई की तिथि को बोरे बासी तिहार के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में बोरे बासी का बड़ा महत्व है। किसानों और श्रमिकों के साथ आम छत्तीसढ़िया लोगों का भी यह बड़ा प्रिय आहार अपने पौष्टिक गुणों और स्वाद के कारण यह हमारी लोक-संस्कृति में इस तरह रच-बस गया है, कि यह हमारे गीतों में और लोक-कथाओं में भी शामिल हो गया है। गर्मी के दिनों में बोरे बासी शरीर को ठंडा रखता है, पाचन शक्ति बढ़ाता है, त्वचा की कोमलता और वजन संतुलित करने में भी यह राम बाण है। बोरे बासी में सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे यह जानने उत्सुक रहेंगे कि बटकी और थाली में बोरे-बासी के साथ कौन-कौन सी चीजें सजती हैं। जैसे कोई दही उपयोग करता है, कोई गोंदली, अथान, कोई आचार या चटनी के साथ बोरे-बासी खाता है या कोई पापड़, बिजोरी, बरी, भाजी के साथ बोरे बासी खाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उत्सव में पूरा छत्तीसगढ़ भागीदार बनेगा। यह उत्सव संस्कृति के गौरव का उत्सव बनेगा। जमकर बोरे बासी खाएं और लोगों का उत्साह बढ़ाने सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

# राजनांदगांव के शिक्षकों ने कोंडागांव के राज्य स्तरीय सेमिनार में भाग लिया



राजनांदगाँव (दावा)। राज्य के सुदूर वनांचल क्षेत्र चिपावंड (कोंडागाँव) में शा. उ.मा.शाला चिपावंड इन कोलैबोरेशन विथ एल्टाई (इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) राजनांदगाँव चैप्टर के बैनर तले एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। 'इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग इन छत्तीसगढ़' विषय पर आधारित इस सेमिनार में 70 से भी अधिक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिए।

प्रोग्राम कन्वेनर सी.के.चतुर्वेदी, प्रोग्राम पैटरोन श्रीमती सुशीला शर्मा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मोहन लाल बोगा एवं प्रोग्राम प्रेसिडेंट धनेश सिन्हा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस सेमिनार में राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी दी।इस सेमिनार में राजनांदगाँव केशिक्षकों एवम विद्ययर्थियों ने भी भाग लिए। इस शैक्षणिक कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्था प्राचार्य एवं प्रोग्राम कन्वेनर सी.के. चतुर्वेदी ने अतिथियों के स्वागत में अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का तेजी से उत्थान हेतु यह आवश्यक है कि शिक्षकों एवम विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा का भली भांति ज्ञान हो।इस नाते यह आवश्यक है कि उनमें अंग्रेजी भाषा की जानकारी हेतु उर्वर वातावरण तैयार किया जाय। वरिष्ठ व्याख्याता एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मोहन लाल बोगा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में हाल के वर्षों में शिक्षा का तेजी से प्रचार-प्रसार हुआ है। राज्य में अंग्रेजी शिक्षा के विकास के लिए ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।प्रोग्राम पेटरोन श्रीमती सुशीला शर्मा ने 'इम्पोर्टेन्स ऑफ इंग्लिश एंड वेज ऑफ लर्निंग इंग्लिश' विषय पर अपना विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय मे अंग्रेजी एक अंतरराष्ट्रीय भाषा का रूप ले चुकी है। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि लोगों को अंग्रेजी का कम से कम वर्किंग नालेज का ज्ञान हो। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को अंग्रेजी सीखने के विभिन्न तरीके को लोगों के समक्ष प्रस्तुत किए। अपने अदभुत प्रस्तुति से श्रीमती सुशीला शर्मा ने दर्शकों की खूब वाहवाही और तालियाँ बटोरी।

इसी तारतम्य में राजनांदगाँव एल्टाई चैप्टर के अध्यक्ष धनेश सिन्हा ने 'कॉस्टलेश टीचिंग एड्स फॉर टीचिंग इंग्लिश पर अपनी बात रखते हुए कहा कि घर की अनावश्यक चीजों का इस्तेमाल विभिन्न विषयों के अध्ययन-अध्यापन में किया जा सकता है। विषयों को दिलचस्प बनाने के लिए कॉस्टलेस टीचिंग एड्स एक प्रभावी भूमिका निभाता है। सेमिनार में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए शिक्षकों ने शोध पत्रों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। कौशल चन्द्रवँशी, हेमराज सहारे, रोमलाल चंद्राकर, खलेशवर मंडावी, नरोत्तम उर्वाषा, दिनेश वाल्डे, कु.धृति नेताम, श्रीमती संगीता बघेल,कु.भूमिका बोगा ने अपने शोध पत्रों में शिक्षकों एवम कक्षागत समस्याओं को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किए। इसी तरह शा

उ.मा.शाला चिपावंड से कु. कृति वर्मा कु.अवंतिका कु. दिव्या कु. विनिता, कु. रेखा कु. सरस्वती, यज्ञ पटेल, एशियन पब्लिक स्कूल चिपावंड से कु. मदालसा, कु.भूमि पटेल कु.नवेदिता भोयर, गौरव पुजारी, शा. उ.मा.शाला अनन्तपुर से कु. प्रेरणा कु.उमेश्वरी कु.सरस्वती विद्यार्थियों ने भी अपने शोधपत्रों एवम नाटकों के माध्यम से अंग्रेजी भाषा पर अपने विचार व्यक्त किए।इस सेमिनार में मुख्य रूप से धरम सिन्हा, शुभम सिन्हा, श्रीमती संतोषी गोटी, श्रीमती मधु ध्रुव, सुश्री आंचल ठावरे, सुश्री क्षमा दिल्लीवार, आलोक मेश्राम, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, महेश कुमार पुजारी, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, चेतन वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम कॉर्डिनेटर मोहनलाल बोगा ने किया। इसी तरह धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती संगीता बघेल ने किया।




राजनांदगांव ( दावा )। उदयाचल संस्था द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में जस्टिस गौतम चौरडिया का अभिनंदन करते हुए श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, पुरानी यादों को लेकर श्री चौरड़िया ने लोहिया को गले से लगा लिया।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस की मुख्यमंत्री ने बधाई दी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के समस्त पशु चिकित्सकों को विश्व पशु चिकित्सा दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने पशुधन के जीवन रक्षा और उनके संवर्धन में पशु चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि आप सबके प्रयासों से ही छत्तीसगढ़ राज्य में पशुधन की रक्षा एवं उन्नत नस्ल के पशुधन को बढ़ावा मिला है। छत्तीसगढ़ राज्य में पशुधन नस्ल सुधार कार्यक्रम एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में समस्त पशु चिकित्सकों के प्रयासों की भी मुख्यमंत्री ने सराहना की है।

# पंजाब और चंडीगढ़ में 2 मई से सरकारी कार्यालयों का समय बदला, मान सरकार ने जारी की अधिसूचना



चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब सरकार द्वारा पंजाब और चंडीगढ़ में स्थित अपने सभी कार्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। इस सम्बन्धी अधिसूचना जारी की गई है।

पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 2 मई, 2023 से सभी सरकारी कार्यालय सुबह 07.30 बजे खुलेंगे और दोपहर 02.00 बजे बंद होंगे। यह समय सारणी 15 जुलाई, 2023 तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि यह बदला नया समय क्षेत्रीय कार्यालयों, सिविल सचिवालय और अन्य मुख्य कार्यालयों समेत सभी कार्यालयों में एकरूपता से लागू होगा। पंजाब सरकार ने लोगों को भी अपील की है कि वह सरकारी कार्यालयों के बदले हुए नए समय का ध्यान रखें और उस अनुसार ही अपने कामकाज के लिए सरकारी कार्यालयों में पहुंचे। गौरतलब है कि गर्मियों में बिजली की माँग बहुत ज़्यादा होती है। इसको ध्यान में रखते हुए कार्यालय खुलने के समय में बदलाव किया गया है, जिससे बिजली के उपभोग में काफ़ी कमी आने की उम्मीद है।

# इतिहास विभाग में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के इतिहास विभाग में प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

बैठक के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह, प्रो. हीरेन्द्र बहादुर ठाकुर तथा प्रो. हेमलता साहू ने बैठक में उपस्थित अभिभावकों को विभाग तथा महाविद्यालय से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अभिभावकों ने विभाग तथा महाविद्यालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अपनी संतुष्टि जाहिर की। पालकों ने भी अपनी सुझाव दिए। उपस्थित सभी पालकों द्वारा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय भ्रमण को अच्छा बताया गया तथा कहा गया कि ऐसे भ्रमण अवश्य आयोजित होने चाहिए।

एम.ए. अंतिम की छात्र रेशु राजपूत की माता शारदा देवी राजपूत ने विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा हेतु व्याख्यान को बहुत अच्छा बताया और कहा कि इससे सारे विद्यार्थियों को लाभ पहुचेगा। छात्रा रश्मि तिवारी की माता आशा तिवारी ने कहा कि हम अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट है तथा विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से भी हमें काफी सहयोग मिलता है। श्रीमती सुशीला साहू ने महाविद्यालय द्वारा विवेकानंद सहायता राशि प्रदान करने पर भी अपने खुशी व्यक्त की।

# जेईई मेन्स में प्रयास विद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**○ प्रयास आवासीय विद्यालय के 150 विद्यार्थी जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई**
**○ मुख्यमंत्री श्री बघेल और आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. टेकाम ने दी छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं**

रायपुर(दावा)। आईआईटी-एनआईटी एवं केन्द्र सरकार से वित्तपोषित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रतिष्ठित जेईई मेन्स परीक्षा का रिजल्ट आज घोषित हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य में आदिमजाति विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष जेईई मेन्स 2022-23 में प्रयास आवासीय विद्यालयों 312 विद्यार्थियों में से 150 ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विभागीय मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सचिव आदिम जाति विभाग डी.डी. सिंह एवं आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गौरतलब है कि प्रयास विद्यालयों में अध्ययनरत् अधिकांश बच्चे ग्रामीण परिवेश एवं जनजातीय वर्ग से आते हैं। देश की प्रतिष्ठित जेईई एडवांस परीक्षा के लिए इनका चयन होना निश्चित ही बहुत गर्व की बात है। रायपुर प्रयास, बालक आवासीय विद्यालय के सर्वाधिक छात्रों ने एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। घोषित परीक्षा परिणामों में प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, रायपुर के सर्वाधिक 34 छात्रों, दुर्ग प्रयास विद्यालय के 25, प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय रायपुर की 19, प्रयास बिलासपुर से 15, जगदलपुर से 13, अम्बिकापुर से 7, जशपुर और कांकेर से 14-14 तथा प्रयास आवासीय विद्यालय कोरबा से 9 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में दाखिला राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है तथा इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्ट शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश करने हेतु सक्षम बनाना है। इन विद्यालयों से अब तक 107 विद्यार्थी आईआईटी, 305 विद्यार्थी एनआइटी एवं ट्रिपल आईटी एवं 47 विद्यार्थियों एमबीबीएस के लिए चयनित हुए है, जो उक्त संस्थानों में प्रवेश लेकर अध्ययनरत् है। इसके अलावा सी.ए., सी.एस., सी.एम.ए. में 29 तथा क्लेट में 03 विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त करने में सफल रहे हैं। राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों में अब तक 900 से अधिक विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त करने में सफल रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के रायपुर में 02, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा, जशपुर, कांकेर तथा जगदलपुर में 1-1 इस तरह कुल 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ करोड़ की ठगी, पति-पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)। खुद को मंत्री का ओएसडी बताकर अपने पड़ोसी के रिश्तदारों को सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ करोड़ रूपए का चूना लगाने वाले व्यक्ति तथा उसकी डॉक्टर पत्नी को पुलिस ने गिंरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला महासमुंद में आयुर्वेद विभाग सरकारी होम्योपैथी डॉक्टर के रूप में पदस्थ है।**




मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डूंडा के शिव विहार में रहने वाले झामन लाल निर्मलकर ने थाना मुजगहन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पड़ोसी डॉ टंकेश्वरी समुंद जो महासमुंद में आयुर्वेद विभाग सरकारी होम्योपैथ डॉक्टर के रूप में पदस्थ है तथा उसका पति रोशन लाल मिश्रा जिसने स्वयं को मंत्री का ओएसडी ऑफिसर बताकर प्रार्थी को उसके रिश्तेदारों की विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का वादा किया था, चूंकि रोशनलाल मिश्रा प्रार्थी का पड़ोसी था जिसके कारण प्रार्थी उसकी बातों पर विश्वास करके अपने रिश्तेदारों की नौकरी लगवाने के लिए अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग किश्तों में कुल 1 करोड़ 55 लाख रूपये रोशनलाल मिश्रा एवं उसकी पत्नी टंकेश्वरी समुंद को नगद एवं ऑनलाईन के माध्यम से भुगतान किया था।

लेकिन रोशन लाल मिश्रा एवं डॉ. टंकेश्वरी समुंद ने किसी को भी नौकरी नही लगवाई। प्रार्थी ने जब अपने दिये हुए पैसे को वापस मांगा तो दंपत्ति द्वारा प्रार्थी को पैसे वापस न कर लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिसके बाद ठगे जाने का पता चलने पर प्रार्थी ने आरोपियों के विरूद्ध थाना मुजगहन में शिकायत दर्ज करवाई।

शिकाकत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420, 406, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। ठगी की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा आरोपियों की पतसाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये थे। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मुजगहन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके रिश्तेदारों से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में आरोपी रोशन लाल मिश्रा तथा डॉ. टंकेश्वरी समुंद की पतासाजी करते हुए उनके छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी रोशनलाल मिश्रा एवं डॉ.टंकेश्वरी समुंद को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# दलित युवती का रेप : भाई बनाता रहा शारीरिक संबंध, पटवारी बहन करवाती रही अबॉर्शन

राजनांदगांव (दावा)। जिले में हुए रेप मामले में रायपुर की पटवारी के खिलाफ कार्रवाई हुई है। बसंतपुर पुलिस ने पटवारी को गिरफ्तार भी किया था। अब रायपुर के कलेक्टर ने पटवारी सोनम सिंह को निलंबित किया है। यह केस एक दलित युवती से रेप का है। पटवारी के भाई ने इस कांड को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक दबाव बनाकर अपने भाई को बचाने रायपुर की पटवारी ने दलित युवती का गर्भपात करवाया था।

बनरसी की पटवारी सोनम सिंह के खिलाफ बसंतपुर थाने में धारा 376, 376 (2) एन, 315, 34, भादंवि 3 (2) 1 क एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इस केस में आरोपी सोनम सिंह को राजनांदगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पटवारी को जेल भी जाना पड़ा। नियम है कि 48 घंटे से अधिक न्यायिक अभिरक्षा में रखे जाने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (2) के प्रावधानों के तहत हल्का पटवारी सोनम सिंह को तत्काल


रायपुर कलेक्टर ने पटवारी को किया सस्पेंड

प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### दलित महिला राजनांदगांव निवासी है

महिला पटवारी के भाई अजय ठाकुर ने राजनांदगांव के बसंतपुर की रहने वाली दलित युवती से प्यार मुहब्बत की बातें की। इसके बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। युवक ने युवती से शादी की बात कही थी। लेकिन परिवार के लोग नहीं माने तो दोनों के बीच विवाद हुआ। अजय ने अपनी पटवारी बहन सोनम से भी लड़की को मिलवाया था। युवती बार बार शादी के लिए कहती रही मगर आरोपी उसका फायदा उठाता रहा।

### पटवारी बहन ने 6 बार कराया गर्भपात

दलित युवती का शारीरिक शोषण शादी के नाम पर युवक करता रहा। इसके बाद वो गर्भवती हो गई। आरोपी की पटवारी बहन ने एक दो बार नहीं गलत ढंग से युवती का 6 बार गर्भपात कराया। हर बार युवती को भरोसा दिलाते थे कि उससे युवक शादी करेगा। मगर बार-बार दलित युवती को सिर्फ धोखा मिला। अब अंत में तंग आकर युवती ने थाने जाकर अपने प्रेमी आरोपी अजय के खिलाफ शिकायत की और भाई-बहन के बारे में बताकर कार्रवाई की मांग की। ये देख आरोपी अजय भाग गया, जबकि पटवारी को पुलिस ने इस केस में गिरफ्तार कर लिया था।

# ऐतिहासिक होगी मन की बात, आमजनों में भी सुनने की उत्सुकता

राजनंदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम के तहत अपने शतकीय एपिसोड के माध्यम से 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जनता से रूबरू होंगे।



डॉ. रमन सिंह भी फरहद में पहुंच कर कार्यक्रम सुनेंगे

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में इस प्रसारण के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है,जिसके कारण इस एपिसोड की तरफ सबकी नजर है, इसे देखने और सुनने के लिए आम जनता भी बेसब्री से इंतजार कर रही है। लोगों में यह उत्सुकता भी है कि शतकीय एपिसोड पर प्रधानमंत्री जी कुछ अलग देने वाले हैं, इस कार्यक्रम के लिए जिला भाजपा ने भी पिछले एक माह से लगातार तैयारियां की है,जिसके तहत सभी वरिष्ठ नेताओं को शक्ति केंद्र एवं बूथों में कार्यक्रम सुनने के लिए भेजा जाएगा। जिसके तहत पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी फरहद के कार्यक्रम में पहुंचेंगे और आम लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। विदित हो कि 2014 से मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी आम नागरिकों और संगठनों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हैं,और दूसरों का उदाहरण देते हुए उनसे अनुसरण करने हेतु प्रेरित भी करते हैं। साथ ही इस बार का एपिसोड का प्रसारण संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय से भी किया जाएगा। मन की बात का कार्यक्रम को कई देशों में देखा जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और अन्य मुद्दों पर विकास के क्षेत्र में जागरूक किया जाता है, इस ऐतिहासिक क्षण को देखने हेतु प्रत्येक नागरिक इस एपिसोड का इंतजार कर रहा है।

जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के अनुसार जिले की चारों विधानसभा में प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक बूथ स्तर पर एवं शक्ति केंद्र स्तर पर सौ की संख्या में कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था जिला भाजपा द्वारा की गई है, इस हेतु कार्यक्रम प्रभारी एवं अतिथि का चयन भी किया जा चुका है। जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा एवं रविंद्र वैष्णव ने जिले के समस्त कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता से आह्वान किया है कि रविवार 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे मन की बात अवश्य सुने।

# 'मेरी ऊपर तक पहचान है, रुपए दो सरकारी नौकरी लगवा दूंगा' : 35 लाख की ठगी करने वाला कांग्रेस नेता गिरफ्तार; आरोपी का पीए भी पकड़ाया

रायपुर। मेरी ऊपर तक पहचान है, रुपए दो सरकारी नौकरी लगवा दूंगा। ऐसा बोलकर ठगी करने वाले कांग्रेस नेता राकेश सिंह बैस को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पीए को भी पकड़ा गया है। यह राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर है। डीडी नगर थाना इलाके का ये पुराना अपराधी भी रहा है।

कांग्रेस नेता ने कुछ लोगों से सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 35 लाख हड़प लिए थे। ठगी का एहसास होने के बाद डीडी नगर में रहने वाले रामनारायण राजपूत नाम के शख्स और उनके परिचितों ने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है। सीआईएसएफ जवान राजपूत ने कहा, 2021-2022 मंडी निरीक्षक, उप निरीक्षक खादय निरीक्षक, अन्य विभागों में भर्ती निकली। खुद को राजनीतिक पहुंच वाला बताकर धौंस जमाने वाला राकेश सिंह इनका पड़ोसी ही है। राजपूत और उनके परिचितों ने जाकर जब इससे मुलाकात की। तब उसने कहा, भर्ती प्रक्रिया में सेटिंग से पूरा काम होगा। इसके बाद बैस का पीए ओम नारायण अलग-अलग किश्तों में 35 लाख रुपए इन लोगों से ले लिया। जब बारी नौकरी की आई तो किसी की नौकरी नहीं लगी। लोगों के रुपए लेकर बैस घूमता-फिरता रहा। जब सभी ने रुपए वापस मांगे तो बैस ने कह दिया कि तुमसे ज्यादा पैसे किसी और ग्रुप ने दे दिए। उनकी नौकरी लग गई। अब तुम्हारे रुपए जल्द लौटा दूंगा। इसके बाद बैस ने इनसे मिलना बंद कर दिया। फोन कॉल रीसीव भी नहीं करता था। तंग आकर लोगों ने पुलिस से इस मामले में शिकायत की। अब बैस और उसके पीए को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है।

### हत्या से लेकर मारपीट तक के दर्जनों केस दर्ज



35 लाख लेकर ठगने के इस मामले में राकेश बैस पर थाना डी.डी.नगर में धारा 420, 34 के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपी राकेश बैस थाना डी.डी.नगर का पुराना हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ थाना डी.डी.नगर पुरानी बस्ती, आजाद चौक एवं आमानाका में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट, वसूली सहित अन्य मामलों में 10 से ज्यादा केस दर्ज है। जिनमें आरोपी कई बार जेल भी जा चुका है।

### पहले भी ठगी के मामलों में पकड़े जा चुके हैं कांग्रेसी

पिछले सप्ताह प्रदेश के बड़े नेताओं और कलेक्टरों तक ऊंची पहुंच बताकर चार करोड़ 39 लाख की ठगी करने वाले आरोपी शैलेंद्र बघेल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये कई कांग्रेस नेताओं के साथ तस्वीरें लोगों को दिखाकर उन्हें प्रभाव में लेता था। शैलेंद्र बघेल ने प्रदेशभर में सोलर पैनल और सोलर लाइट लगाने के नाम पर ठेकेदारों से ठगी की थी। कुछ महीने पहले खुद को मंत्री रुद्रगुरु का करीबी बताकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा था। 30 से अधिक बेरोजगारों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी का आरोप है।

# आज प्रयास विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा

- जिला मुख्यालय में बनाए गए 8 परीक्षा केन्द्र
- संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन प्रेक्षक नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए रविवार 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन एक पाली में संपन्न होगी। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव में 8 परीक्षा केन्द्र के माध्यम से 2200 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। परीक्षा हेतु संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में कानूनी व्यवस्था के लिए पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

# 'मन की बात' सुनकर डॉ. रमन आज पं. प्रदीप मिश्रा जी के शिव महापुराण कथा का करेंगे श्रवण

राजनांदगांव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह आज अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे।

इस दौरान सिंह आज 30 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के शतक पूरा करने जा रहे 'मन की बात' कार्यक्रम को आकाशवाणी के माध्यम से ग्राम फरहद में सुनेंगे। वही जिला दुर्ग के जयंती स्टेडियम भिलाई में भव्य रूप से आयोजित पं. प्रदीप मिश्रा जी के मुखारविंद से डॉ. सिंह शिव महापुराण कथा का श्रवण करेंगे।


पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह का आज दौरा कार्यक्रम

पूर्व मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर (छ.ग.) द्वारा डॉ. रमन सिंह के दौरा कार्यक्रम के संबंध में जारी सूचना के अनुसार आज 30 मार्च रविवार को डॉ. सिंह प्रातः 9:30 बजे अपने निवास स्थान खनिज नगर मौलश्री बिहार-रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे। उनका 11 बजे राजनांदगांव आगमन होगा। इस दौरान डॉ. सिंह ग्राम फरहद में मोदी जी की मन की बात सुनेंगे। 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद उनका वहा लोगों से मिलना भी होगा। इसके बाद वे 1:15 बजे यहां से प्रस्थान कर डेढ़ बजे के करीब सनसिटी में विश्राम के लिए जाएंगे। यहां उनका 3 बजे तक का समय आरक्षित है। इसके बाद वे सनसिटी से प्रस्थान कर 4 बजे जयंती स्टेडियम भिलाई (दुर्ग) के लिए निकलेंगे। यहां डॉ. सिंह घंटे भर रूक कर पं. प्रदीप मिश्रा जी से शिव महापुराण कथा का श्रवण करेंगे। इसके बाद उनका सवा 5 बजे जयंती स्टेडियम से प्रस्थान कर 6:15 बजे तक पुनः खनिज नगर मौलश्री विहार-रायपुर आगमन होगा।

### मोदी जी को सुनने लोगों में ललक

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के दौरा कार्यक्रम की सूचना जारी होने व मोदी जी के मन की बात सुनने के लिए ग्राम फरहद आने पर भाजपाईयों में खुशी का माहौल है। आज बड़ी संख्या में मोदी के चाहने वाले लोग मोदी जी की मन की बात बड़ी चाव से सुनेंगे। इसके लिए पार्टी द्वारा विशेष इंतजाम किया गया है। प्रातः 11 बजे से आकाशवाणी एवं दूरदर्शन में प्रारंभ होने वाले मोदी जी की मन की बात सुनने लोग बड़ी मात्रा में जुटेंगे। चुंकि यह मोदी जी की मन की बात का सौवा एपीसोड है इसलिए इससे विशेष रूप से सुनने के लिए लोगों में काफी ललक बनी हुई है।

# आज श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर की 125 वीं ध्वजा फहराई जावेगी

राजनांदगांव (दावा)। श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के द्वारा सदर बाजार स्थित श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर की वार्षिक 125वीं ध्वजा 30 अप्रैल रविवार को फहराई जावेगी छत्तीसगढ़ का पहला जैन मंदिर है, जिसका निर्माण 125 वर्ष पूर्व हुआ था।



उक्त दिवस में प्रातः 8. 30 बजे से सत्तरभेदी पूजा रखी गई है जिसमे सूरत निवासी निलेश भाई शाह विशेष सहभागिता निभायेंगे। रात्रि 8.30 से जैन बगीचा में भक्ति संध्या का आयोजन खैरागढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक नमन एवं जैनम डाकलिया के द्वारा भक्ति होगी। सम्पूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी श्री लूनकरण फत्तेलाल दुलीचंद बरडिया परिवार है। श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के प्रमुख ट्रस्टी मनोज बैद, ट्रस्टीगण एवं बरडिया परिवार ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी आकाश चोपड़ा ने दी।

# नन्हें बच्चों से मिलकर मुग्ध हुए कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डोमन सिंह ने राजनांदगांव शहर के आंगनबाड़ी केन्द्र रेवाडीह, आरके नगर, सर्किट हाऊस, लखोली एवं तिलक नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नन्हें बच्चों से मिलकर कलेक्टर मुग्ध हुए। उन्होंने नन्हे बच्चों को फल एवं चॉकलेट दिया और उनसे आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में बात की। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाएं गए पेंटिंग की प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाएं। ताकि उनके सीखने एवं पढ़ने की क्षमता तथा प्रतिभा का विकास हो सके। उन्होंने बच्चों से आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं तथा नाश्ता, भोजन, रेडी टू ईट एवं पोषण किट के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों का समय-समय पर वजन एवं स्वास्थ्य जांच कराएं। आंगनबाड़ी केन्द्रों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने शासन व प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करने कहा। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे, परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर, पर्यवेक्षक श्रीमती सुनीता सोनपोपरे, सुश्री दिव्या तिवारी एवं सुश्री ज्योति सिंह राठौर उपस्थित रहे।


- आंगनबाड़ी केन्द्र में नन्हे बच्चों से पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में की बात
- कलेक्टर ने शहर के आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण
- आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं तथा नाश्ता, भोजन, रेडी टू ईट एवं पोषण किट के संबंध में ली जानकारी

# आवागमन अवरुद्ध मार्ग में हुए अतिक्रमण को हटवाया

राजनांदगांव (दावा)। तहसील राजनांदगांव के ग्राम इंदावानी की शासकीय भूमि पर तार के घेरा डालकर तथा सीमेंट शेडयुक्त बनाए गए पक्का मकान को जेसीबी के माध्यम से तोड़वाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जनसमस्या को सुनने और त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जन चौपाल में ही आवेदक ललित कुमार ने आवेदन दिया था कि ग्राम इंदावानी के प्रकाश पिता हेमलाल मंडले ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने से आवेदक के आने-जाने के मार्ग में व्यवधान उत्पन्न हो गया है। आवेदक ने अवरुद्ध मार्ग को खुलवाने के लिए तहसीलदार, एसडीएम सहित कलेक्टर से फरियाद किया था। जिस पर तहसीलदार ने राजस्व अमले को भेजकर जांच कराया था। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला पटवारी से प्राप्त होते ही न्यायालय में सुनवाई कर शासकीय भूमि पर प्रकाश मंडले द्वारा अतिक्रमण सिद्ध पाए जाने पर अर्थदंड आरोपित करने के साथ ही साथ बेदखली के भी आदेश तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने दिए थे। आदेश के बाद भी शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण नहीं हटाने पर तहसीलदार ने बेदखली वारंट जारी कर नायब तहसीलदार रामनरेश पटेल एवं राजस्व टीम को कब्जा हटाने मौके पर भेजा। नायब तहसीलदार रामनरेश पटेल, पटवारी सोनल यादव ने पुलिस, कोटवार और सरपंच आदि की उपस्थिति में बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण मुक्त कराया और पीड़ित पक्ष ललित को उसके आने-जाने का रास्ता उपलब्ध करवाया गया।


तहसीलदार ने जन चौपाल में मिले आवेदनों पर की कार्यवाही

# भूपेश सरकार ने किसानों का बढ़ाया सम्मान - नवाज खान

राजनांदगांव (दावा)। किसानों को गन्ने की खेती से जोड़ने के लिए शुरु किए गए अभियान के तहत आयोजित की गई किसान चौपाल में संबोधित करते हुए जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि प्रदेश को धान का कटोरा की पहचान दिलाने वाले अन्नदाताओं को सम्मान देने का काम भूपेश सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के साथ ही उनको खेती में हर संभव मदद करने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। इतना ही नहीं नवाज ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी और 28 सौ रुपए दाम करने को भी ऐतिहासिक करार दिया। दरअसल शनिवार को जिला सहकारी बैंक के द्वारा जिले के ग्राम मोहनपुर चारभाठा में किसान चौपाल का आयोजन किया गया था। इस दौरान आस-पास से सैकड़ो की संख्या में किसान इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इन्हीं किसानो को गन्ने की खेती के बारे में जानकारी देने के दौरान नवाज ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रशंसा किसानहितैषी फैसले लेने के लिए की। इस दौरान नवाज के साथ उदेलाल साहू, रामदास नागवंशी, दामोदर बागड़े, नरायण चंद्रवंशी, पंपलाल, विजय विश्कर्मा, उत्तम सिन्हा, प्रमोद चंद्रवंशी के साथ अन्य उपस्थित रहें।




किसान चौपाल के साथ भोज का किया गया आयोजन

### संगीत से योजनाओं का प्रचार

मोहनपुर चारभाठा में आयोजित किसान चौपाल के दौरान ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए ही प्रदेश सरकार की सफल योजनाओं का प्रचार किया गया। संगीत के साथ ही अन्य माध्यम से किसानों को उनके लिए भूपेश सरकार द्वारा किए गए कामों की जानकारी दी गई।

### किसान भोज का आयोजन

जिला सहकारी बैंक बीते दो सालों से इस तरह के आयोजन लगातार करता आया है। 29 अप्रैल से भी गन्ने की खेती से किसानो को जोड़ने के लिए अलग-अलग गांवों में चौपाल लगाने की शुरुआत की गई है। शनिवार को आयोजित चौपाल में किसान भोज का भी आयोजन किया गया था। करीब दर्जनभर गांवों से पहुंचे किसानों ने इस भोज में शामिल हुए। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने भी किसानों का स्वागत किया।

### गन्ना खेती के लिए उत्साहित किसान

धान के अलावा किसानों को अन्य फसल से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में जिला सहकारी बैंक ने भी मुहिम शुरु की है, बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने किसानों को गन्ना खेती से जोड़ने का जिम्मा उठाया है। प्रति एकड़ एक लाख रुपए लाभ इस खेती से जुड़कर किसान कमा सकते है। किसान चौपाल में शामिल होने आ रहें किसान भी इस मुहिम को लेकर उत्साहित नजर आ रहें है। बड़ी संख्या में किसानों ने धान के बदले गन्ना फसल लेने को लेकर सकारात्मकता दिखाई है।

ओम कार श्रृंगार
मैटिंग, सीटकवर, लेमिनेशन फिल्म डोरवाईजर, वहील कवर नंबर प्लेट और सभी ब्रांड के म्यूजिक सिस्टम व जीपीएस सिस्टम व ऑल एसेसरीज
धनंजय सिन्हा
बागेश्वर मंदिर (गोल्ड टैंपल), मनसुख लाल पेट्रोल पंप के सामने, जी.ई.रोड, राजनांदगांव
82510-20730

हरि ओम
प्रॉपटी डीलर व कंट्रक्शन
मकान लेना - देना, जमीन बेचना, मकान किराए पे दिलाना, जमीन डायवर्सन, मकान का नक्शा पास करवाना, बैंक से फायनेंस करवाना, बिजली मीटर लगाना, मकान से संबंधित कार्य हेतु संपर्क करें
ओम प्रकाश देवानी
ऑफिस : बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9301745655

शिव बोरवेल्स
एण्ड प्रापर्टी डीलिंग
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
पानी जांच एवं ब्लास्टिंग की सुविधा उपलब्ध



आवश्यकता है
जैविक खेती प्रोडक्ट की मार्केटिंग हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
For online shopping download crazy mart app from play store
-: संपर्क करें :-
मो. 93036-99271

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com